




# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



वर्ष 35 अंक 122 | कोरबा, गुरुवार , दिनांक 01 फरवरी 2024 डाक 02 फरवरी 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**

चंडीगढ़ मेयर चुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद आम आदमी पार्टी और कांग्रेस पार्षदों ने चंडीगढ़ में विरोध प्रदर्शन किया





**देश-विदेश**

हेमंत सोरेन की भावुक अपील, विधायकों को पत्र लिखकर बोले- मेरे माता-पिता का रखें ख्याल





**फीचर पेज**

स्वस्थ और खुशहाल रहने में मदद करती हैं यह आदतें, अपनी सुबह में करें शामिल




# भारत को 2047 तक विकसित देश बनाने के लिए काम कर रहे : सीतारमण

- एक करोड़ परिवारों को मिली 300 यूनिट निशुल्क बिजली
- हमने भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद को खत्म किया
- मिडिल क्लास को मोदी सरकार का तोहफा, 4 जातियों पर फोकस
- आयकरदाताओं को राहत नहीं, टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं
- राजकोषीय घाटा जीडीपी का 5.1 फीसद रहने का अनुमान
- हवाई अड्डों की संख्या दोगुनी होकर 149 हुई
- 11.8 करोड़ किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ मिला
- युवाओं की जरूरतें और आकांक्षाएं हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता
- मोदी सरकार ने 3000 आईटीआई खोले



**नईदिल्ली, 01 फरवरी [एजेंसी]।**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा 10 वर्ष में अर्थव्यवस्था में काफी विकास हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इसने तरक्की की है। जब वे प्रधानमंत्री बने, तब कई चुनौतियां मौजूद थीं। सबका साथ, सबका विकास के मंत्र के साथ सरकार ने इन चुनौतियों का सामना किया। जन कल्याणकारी योजनाएं और विकास के बूते हम लोगों तक पहुंचे। औसत वास्तविक आमदनी 50 फीसदी बढ़ी है। महंगाई दर संभली हुई है। परियोजनाएं समय पर पूरी हो रही हैं। लोग अच्छे से रह रहे हैं और अच्छी आमदनी कर रहे हैं। बड़ी योजनाओं की प्रभावी तरीके से और समय पूरा किया जा रहा है। जीएसटी ने एक देश, एक मार्केट और एक टैक्स की धारणा को मजबूत किया है। आईएफएससी ने वैश्विक वित्तीय निवेश का रास्ता खोला है। गरीब का कल्याण, देश का कल्याण, हम इस मंत्र के साथ काम कर रहे हैं। सबका साथ के उद्देश्य के साथ हमने 25 करोड़ लोगों को विविध तरह की गरीबी से बाहर निकाला है। भारत को 2047 तक विकसित देश बनाने के लिए काम कर रहे हैं। वित्त मंत्री ने कहा, पिछले 10 साल में हमने सबके लिए आवास, हर घर जल, सबके लिए बैंक खाते जैसे कामों को रिकॉर्ड समय में पूरा किया। 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दिया गया। अन्नदाताओं की उपज के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाया गया। पारदर्शिता के साथ संसाधनों का वितरण किया गया है। हम असमानता दूर करने का प्रयास किया है ताकि सामाजिक परिवर्तन लाया जा सके। प्रधानमंत्री के मुताबिक गरीब, महिलाएं, युवा और अन्नदाता, ये ही चार जातियां हैं, जिन पर हमारा फोकस है। उनकी जरूरतें, उनकी आकांक्षाएं हमारे लिए महत्वपूर्ण हैं। देश को नया उद्देश्य और नई आशा मिली। जनता ने सरकार को फिर बड़े जनादेश के साथ चुना। हमने दोगुनी चुनौतियों को स्वीकार किया और सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मंत्र के साथ काम किया। हमने सामाजिक और भौगोलिक समावेश के साथ काम किया। सबका प्रयास के मंत्र के साथ हमने कोरोना के दौर का सामना किया और अमृतकाल में प्रवेश किया। इसके नतीजतन हमारा युवा देश के पास अब बड़ी आकांक्षाएं, उम्मीदें हैं। हमारी सरकार ने नागरिक प्रथम और न्यूनतम सरकार अधिकतम शासन दृष्टिकोण के साथ जवाबदेह, जन केंद्रित और विश्वास आधारित प्रशासन प्रदान किया है।

वित्त मंत्री ने कहा कि इस बजट में हमारा 4 जातियों पर फोकस है। उन्होंने कहा कि महिला, गरीब, युवा और किसान ही हमारे फोकस में हैं। हम लोगों को सशक्त बनाने का काम कर रहे हैं। हमने भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद को खत्म किया है। वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि मोदी सरकार ने 70 फीसद महिलाओं को अपना घर देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि हमारा फोकस जल्द से जल्द सभी गरीबों को खुद का घर देने का है। वहीं कौशल भारत मिशन में 1.4 करोड़ युवाओं को प्रशिक्षित किया गया है। 54 लाख युवाओं को प्रशिक्षित और पुनः कुशल बनाया गया है। उन्होंने कहा कि 3000 नए आईटीआई स्थापित किए हैं। बड़ी संख्या में संस्थागत उच्च शिक्षा, 7 आईआईटी, 16 आईआईआईटी, 7 आईआईएम, 15 एम्स और 390 विश्वविद्यालय हैं स्थापित किए हैं। पीएम मुद्रा योजना में 43 करोड़ का ऋण दिया गया है। देश को युवाओं पर गर्व है। उन्होंने कहा कि युवाओं ने एशियन गेम्स में बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। मंत्री ने कहा कि हमें गरीब, महिला, युवा और अन्नदाता पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है, उनकी जरूरतें और आकांक्षाएं हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताएं हैं। किसान हमारे अन्नदाता हैं। किसान सम्मान योजना के तहत वित्तीय सहायता दी जाती है। किसानों को कई तरह का समर्थन दिया जा रहा है। उच्च शिक्षा संस्थानों की संख्या बढ़ाने पर हमारी सरकार का जोर है। उन्होंने कहा कि हमने 3000 आईटीआई खोले हैं। सीतारमण ने कहा कि 11.8 करोड़ किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि 4 करोड़ से अधिक किसानों को फसल बीमा योजना का फायदा मिला है। मोदी सरकार में 1 करोड़ महिलाएं लखपति बनीं है। उन्होंने कहा कि हमने लखपति दीदी योजना चलाकर लोगों को फायदा पहुंचाया है। मोदी सरकार ने मिडिल क्लास के लिए बड़ा एलान किया है। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार जल्द ही हाउसिंग प्लान लाने की तैयारी में है, जिससे सभी को सस्ता घर मिलेगा। देश में हवाई अड्डों की संख्या दोगुनी होकर 149 हो गई है। वित्त मंत्री ने कहा कि देश में 1000 से ज्यादा नए एयरक्राफ्ट का ऑर्डर दिया गया है। मोदी सरकार के राज में उद्योगों में महिलाओं की सहभागिता बढ़ी है। वित्त मंत्री ने कहा कि महिलाओं की उद्यमशीलता में 28 प्रतिशत का उछाल आया है। वित्त मंत्री ने बताया कि रूफटॉप सोलराइजेशन से एक करोड़ परिवार को प्रत्येक महीने 300 यूनिट निशुल्क बिजली दी गई है। सरकार का फोकस लोगों को बेहतर रेल सुविधा देने का है।

इसी के चलते वंदे भारत पर सरकार खासा ध्यान दे रीह है और इसी के अनुरूप ट्रेन की 40 बोगियां अपग्रेड होंगी। सरकार ने इस बार आयकरदाताओं को कोई राहत नहीं दी है। वित्त मंत्री ने कहा कि टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं होगा। प्रत्यक्ष कर संग्रह 10 साल में तीन गुना बढ़ा है। करदाता 2.4 गुना बढ़े हैं। करदाताओं का योगदान देश के विकास में काम आ रहा है। हम करदाताओं की सराहना करते हैं। सरकार ने कर दरों को कम किया है। लागू हो चुकी नई कर योजना के तहत सात लाख रुपये तक अब कोई कर नहीं हैं। कॉर्पोरेट टैक्स भी कम हुआ है। नए फॉर्म 26ए से टैक्स फाइल करना आसान हुआ है। 2013-14 में 93 दिनों के बजाय अब 10 दिन में रिफंड मिल रहा है।

## ईडी के खिलाफ याचिका पर हेमंत सोरेन को तत्काल राहत नहीं, हाईकोर्ट में कल फिर सुनवाई



**रांची, 01 फरवरी [एजेंसी]।**

ईडी की कार्रवाई के खिलाफ झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की याचिका पर गुरुवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई, लेकिन उन्हें कोई राहत नहीं मिली। दरअसल, हेमंत सोरेन की ओर से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए अदालती कार्यवाही में जुड़े वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने बहस के लिए वक्त की मांग की।अदालत ने इस पर नाराजगी जताते हुए अगली सुनवाई कल यानी शुक्रवार को निर्धारित की है। गौरतलब है कि हेमंत सोरेन की ओर से ईडी की कार्रवाई को चुनौती देते हुए कल ही हाईकोर्ट में क्रिमिनल रिट पिटिशन दाखिल की गई थी। इसको लेकर मेंशन किए जाने के बाद हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ न्यायाधीश जस्टिस एस चंद्रशेखर और जस्टिस अनुभा रावत चौधरी की बेंच ने सुनवाई की। हेमंत सोरेन की ओर से कपिल सिब्बल के अलावा हाईकोर्ट के अधिवक्ता पीयूष चित्रेश ने पक्ष रखा। ईडी की ओर से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू ने बहस की।






## बीजापुर-नैमेड नेशनल हाईवे पर बड़ा हादसा, ट्रेलर ने पिकअप को मारी टक्कर, चार की मौत, 10 घायल

**बीजापुर, 01 फरवरी [एजेंसी]।**

बीजापुर-नैमेड नेशनल हाईवे पर मिनगाचल के पास बुधवार देर शाम को ट्रेलर ने पिकअप को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में चार ग्रामीणों की मौके पर मौत हो गई। वहीं 10 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। बीजापुर जिला अस्पताल में घायलों को इलाज के लिए लाया गया।जानकारी के अनुसार फुलगट्टा गांव का रहने वाला तेलम परिवार ग्राम मुसालूर से पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद वापस लौट रहे थे। शाम के लगभग छह बजे विपरीत दिशा से आ रही ट्रेलर से पिकअप की टक्कर हो गई। इस जबरदस्त टक्कर में पिकअप सवार ग्रामीणों में से चार की मौके पर मौत हो गई। खबर मिलते ही पुलिस और आस पास के अन्य लोगों ने मौके पर पहुंचकर घायलों को बेहतर इलाज के लिए बीजापुर जिला मुख्यालय के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल सूत्रों ने बताया कि इस हादसे में 10 ग्रामीण घायल हैं, जिनका इलाज जारी है। वहीं दुर्घटना में मारे गए लोगों के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी शुरू कर दी है।





स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.) Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


## बजट से पहले बड़ा झटका, बढ़ गई एलपीजी सिलेंडर की कीमत



**इंदौर।** आज देश का अंतरिम बजट पेश किया जाएगा। इससे पहले आम आदमी को झटका लगा है। तेल कंपनियों ने एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में मामूली बढ़ोतरी कर दी है। आज 1 फरवरी को देश के सभी शहरों में LPG Cylinder Price अपडेट हो गए हैं। तेल कंपिनयों ने कमर्शियल सिलेंडर के दाम में बढ़ोतरी की है। वहीं दूसरी ओर घरेलू सिलेंडर के रेट में कोई बदलाव नहीं किया गया है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने कमर्शियल सिलेंडर के दाम में 14 रुपए की बढ़ोतरी करने का फैसला किया है। अब दिल्ली में कमर्शियल सिलेंडर 1769.50 रुपए, मुंबई में 1708.50 रुपए, चेन्नई में 1937 रुपए में मिलेगा।

## गुजरात में फिर हिली धरती रिक्टर पैमाने पर 4.1 रही तीव्रता




**कच्छ।** गुजरात के कच्छ जिले में गुरुवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.1 मापी गई है। सुबह 8 बजकर 6 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए है। करीब 4 दिन पहले भी गुजरात के कच्छ में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। उस समय रिक्टर स्केल भूकंप की तीव्रता 4.0 मापी गई थी। इसके असर कई इलाकों में देखा गया था। भूकंप के झटके महसूस हुए तो लोग घरों से बाहर निकल आए।

# दूर की सोचें, बड़ा सोचें और बिना तनाव के परीक्षा की तैयारी करें: डीएम

## कलेक्टर ने करतला और रामपुर में विद्यार्थियों को दी आगे बढ़ने और लक्ष्य हासिल करने की प्रेरणा





**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत ने आज करतला विकासखंड अंतर्गत आत्मानन्द स्कूल करतला और रामपुर के स्कूल का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कक्षा दसवीं और बारहवीं की कक्षा में जाकर विद्यार्थियों से न सिर्फ वन टू वन चर्चा की, उन्होंने विद्यार्थियों को परीक्षा में सफल होने और लक्ष्य को हासिल करने के लिए लगन, परिश्रम करने और कुछ बड़ा बनने के लिए अच्छा सोचने, बड़ा सोचने की बात कही। कलेक्टर ने कहा कि जीवन में आपको क्या बनना है, आपका लक्ष्य क्या है..? यह सोचकर नहीं रखेंगे तो मुकाम पर पहुंचने के लिए कई चुनौतियां आएंगी। आप विद्यार्थी है और पढ़ाई कर रहे हैं, सोचने पर किसी का एकाधिकार नहीं है, दूर तक की सोच, बड़ी सोच आपको मंजिल दिलाएगी। उन्होंने विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने और परीक्षा को लेकर किसी तरह का तनाव व दबाव न रखने की बात कहते हुए आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

करतला में स्वामी आत्मानन्द विद्यालय के कक्षा 10 वीं में कलेक्टर अजीत वसंत ने कई विद्यार्थियों से बात भी की। छात्रा सुकांति राठिया और हेमलता राठिया से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि जीवन में जो भी बनना है, उसके लिए दृढनिश्चय कर तैयारी किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री जी ने भी हाल ही में आप सबको तनावमुक्त होकर परीक्षा की तैयारी करने का संदेश दिया था। उन्होंने 10 के पश्चात 11वीं कक्षा से विषय चयन के साथ कैरियर निर्माण की जानकारी भी दी। कक्षा 12वीं में उन्होंने आर्ट्स विषय के विद्यार्थियों को बताया कि कोई भी विषय बड़ा या छोटा नहीं होता। आर्ट्स वाले हैं, इसमें ज्यादा कैरियर की सम्भावनाएं नहीं हैं, यह सोच दिमाग से हटाकर पूरी तन्मयता के साथ परीक्षा की तैयारी करनी है। उन्होंने आर्ट्स सब्जेक्ट में जॉब की बहुत संभावनाएं होने की बात कही। रामपुर में सेजेस के निरीक्षण पर पहुँचे कलेक्टर ने कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों से चर्चा की। उन्होंने चन्द्रयान प्रक्षेपण पर विद्यार्थियों से चर्चा करते हुए बताया कि देश के वैज्ञानिकों ने बड़ी उपलब्धि हासिल की। महिला वैज्ञानिकों का योगदान भी महत्वपूर्ण था। आप विद्यार्थी भी अपनी उत्सुकता और मेहनत से इस क्षेत्र में जा सकते हैं। कलेक्टर से स्कूली विद्यार्थियों से यह भी कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में रहने के बावजूद आप अपनी तैयारी और कठिन मेहनत से शहरी क्षेत्रों के विद्यार्थियों की तरह आगे बढ़कर सफलता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने सेजेस स्कूलों में शिक्षकों के रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती करने और पहुँचमार्ग,लाइब्रेरी, लैब शौचालय आदि समस्याओं को दूर करने की बात कही। कलेक्टर ने विद्यालय के प्राचार्य से गत परीक्षा परिणामों की जानकारी लेते हुए इस वर्ष परिणाम के प्रतिशत में वृद्धि करने की दिशा में विद्यार्थियों को बिना दबाव के लगातार प्रेरित करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री संबित मिश्रा, एसडीएम श्रीकांत वर्मा और बीइओ संदीप पांडे उपस्थित थे।



## 67वीं राष्ट्रीय शालेय बेसबॉल क्रीड़ा प्रतियोगिता

### छत्तीसगढ़ बना चैंपियन, दिल्ली उपविजेता

**कोरबा ।** जिले में आयोजित 67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2023-24 के तहत आज बालक-बालिका 14 एवं 19 वर्ष आयु वर्ग के बेसबॉल मैच में छत्तीसगढ़ ने सभी वर्गों में जीत हासिल कर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। छत्तीसगढ़ में सभी वर्गों में दिल्ली को हराकर यह उपलब्धि हासिल की। प्रतियोगिता में बालक, बालिका 14 एवं 19 आयु वर्ग में दिल्ली की टीम उपविजेता रही। इसी तरह बालक 19 वर्ष महाराष्ट्र तीसरे, मध्यप्रदेश चतुर्थ, बालिका 19 वर्ष आयु में महाराष्ट्र तीसरा, चंडीगढ़ चतुर्थ, बालक 14 वर्ष में सीबीएसई तीसरा, महाराष्ट्र चतुर्थ और बालिका 14 वर्ष में चंडीगढ़ तीसरा व महाराष्ट्र चौथे स्थान पर रहा।

## अग्निवीर के तहत भारतीय थलसेना में भर्ती हेतु अधिसूचना जारी

**कोरबा ।** भारतीय वायुसेना द्वारा अविवाहित युवाओं एवं युवतियों को अग्निवीर के तहत सेना में भर्ती के लिए पूर्व में अधिसूचना जारी हुई है। जिसके तहत इच्छुक आवेदकों से 08 फरवरी से 21 मार्च 2024 तक तक ऑनलाइन आवेदन मंगाए गए हैं। ऑनलाइन आवेदन वेबसाइट पर किया जा सकता है।

जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि अग्निवीर वायुसेना भर्ती में सम्मिलित होने के लिए आवेदक की जन्मतिथि 31/10/2024 की स्थिति में साढ़े 17 वर्ष से 21 वर्ष तक होना अनिवार्य है। आवेदक का 8वीं से 12वीं उत्तीर्ण होना वांछनीय है। आवेदकों द्वारा अग्निवीर सामान्य ड्यूटी, टेक्निकल, क्लर्क, स्टोरकीपर, ट्रेड्समेन, सामान्य ड्यूटी महिला पदों हेतु आवेदन किया जा सकता है। भर्ती हेतु ऑनलाइन परीक्षा का आयोजन अप्रैल एवं मई माह में होने की संभावना है।

## नियमों की अनदेखी कर हो रहा मार्ट का संचालन

**कोरबा।** भाजपा जिला सह संयोजक मो. न्याज नूर आरबी ने सीएम को पत्र लिखकर कहा है कि कुटीर उद्योग एवं महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने तथा उन्हें स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सी-मार्ट की स्थापना की गई है। लेकिन आदिवासी बाहुल्य आकांक्षी जिला कोरबा में शासन की मंशा एवं निर्धारित गाइडलाइंस के विपरीत सी मार्ट का संचालन किया जा रहा है।नियमानुसार सी मार्ट में 60/40 के अनुपात में सामाग्री विक्रय हेतु रखा जाना है। 40 प्रतिशत महिला स्व सहायता समूहों द्वारा तैयार उत्पाद की बिक्री की जानी है, तो 60 फीसदी सामाग्री संचालनकर्ता फर्म को खुले बाजार से क्रय करने का प्रावधान है। लेकिन कोरबा जिले में संचालनकर्ता फर्म मे. रामसा एलायड प्रा. लि. रायपुर ने शासन के निर्धारित गाइडलाइंस की धज्जियां उड़ाते हुए 90 फीसदी से अधिक उत्पाद अपने निहित स्वार्थ कमीशन के लिए खुले बाजार से क्रय कर सी मार्ट में री पैकिंग कर निर्धारित समानुपात की पूर्ति कुटरचना कर केवल फर्जी आंकड़ों के जरिए कर शासन प्रशासन के आंखों में धूल झोंक रही है।श्री आरबी ने लिखा है कि शासन को कोरबा जिले के सी मार्ट से जनवरी माह में 1 करोड़ 4 लाख के सामाग्री क्रय की जानकारी दी गई है, नियमानुसार सीएलएफ (कलस्टर लेवल फेडरेशन ) से सामाग्री क्रय किया जाना था, लेकिन नियमों की अनदेखी कर 90 फीसदी से अधिक सामाग्री खुले बाजार से कमीशन की आड़ में क्रय की गई।युवा नेता ने कहा कि करतला जैसे आदिवासी बाहुल्य ब्लॉक में आज पर्यंत महज 40 हजार रुपए के स्व सहायता समूहों को बड़ी, पापड़, तिल लड्डू ,चप्पल क्रय करने के एवज में भुगतान हुआ है, अन्य ब्लाकों में भी कमोबेश यही हालात हैं। इस तरह महिला समूहों के द्वारा तैयार उत्पाद को प्रोत्साहित करने की जगह महज 100 रुपए मासिक किराए की दर पर नगर निगम से कोरबा के हृदय स्थल टी.पी. नगर चौक में मिले विशाल भवन में सी मार्ट का व्यवसायिक उपयोग हो रहा है। विभिन्न फर्मों से मार्केट से सामाग्रियों की खरीदी की जा रही है। सी मार्ट को ऑफिस बनाकर ठेकेदारी से लेकर कामर्शियल कामकाज ऑपरेट किया जा रहा है।

## चौकी में घुसकर प्रभारी व पुलिस कर्मियों से की झूमाझटकी व तोड़फोड़..

**कोरबा।** कटघोरा थाना अंतर्गत जटगा चौकी मे बीती रात ग्रामीणों द्वारा चौकी कार्यालय में घुसकर पुलिस स्टॉफ के साथ मारपीट व झूमाझटकी व तोड़फोड़ करने का मामला सामने आया है। दरअसल चौकी प्रभारी मंगतू राम मरकाम द्वारा क्षेत्र मे चल रहे अवैध शराब कि बिक्री कों लेकर लगातार कार्यवाही कि जा रही है इसी दरम्यान सोमवार की रात जड़गा पुलिस द्वारा जड़गा निवासी कंकड सारथी नामक व्यक्ति के घर दबीश देकर कच्ची शराब पकडी गई। मामले मे प्रकरण बनाकर कार्यवाही कि गई। लेकिन कार्यवाही से नाराज़ कुछ गरामीनों कों यह रास नहीं आया और पुलिस के इस तरह के कार्यवाही से नाराज ग्रामीणों कि भीड़ ने जड़गा चौकी घेराव कर दिया और जमकर हंगामा किया। ग्राम जड़गा के सरपंच पति नारायण सिंह व उपस्थित ग्रामीणों ने हंगामा करते हुए चौकी कार्यालय में धावा बोल दिया। और कार्यालय में मौजूद चौकी प्रभारी मंगतू राम मरकाम समेत पुलिस स्टॉफ के साथ मारपीट व झूमाझटकी की घटना को अंजाम दिया साथ ही चौकी के भीतर तोड़फोड़ की। इस घटना में कुछ पुलिस कर्मियों मामूली चोट भी आई। घटना का वीडियो चौकी में लगे सीसीटीवी में कैद हो गया।

## जेसीबी को जप्त किया वन विभाग ने



कोरबा। जिले के केंदई रेंज अंतर्गत भूलसी भावना गांव के निकट जंगल के कक्ष क्रमांक 369 में सुशील एक्का नामक व्यक्ति द्वारा अतिक्रमण करने वन विभाग की जमीन को जेसीबी से खुदवाकर खेत बनाया जा रहा था। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी को जप्त कर वन अधिनियत की धारा के तहत कार्रवाई की है। कार्रवाई में रेंजर अभिषेक दूबे के नेतृत्व में परिक्षेत्र सहायक आर.एस.कंवर ,एस यादव, पवन बिझंवार, सुरेन्द्र कंवर, लाल जी पटेल विनोद राज, अशोक श्रीवास,पकंज खैरवार ने अहम भूमिका निभाई।

# आंगनबाड़ी केंद्र में मिले कम बच्चे सुपरवाइजर को नोटिस जारी करने के निर्देश

## अजीत ने किया आंगनबाड़ी केंद्र रामपुर का निरीक्षण

**कोरबा ।** कलेक्टर अजीत वसंत ने आज करतला विकासखंड अन्तर्गत रामपुर में आंगनबाड़ी केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान बच्चों की कम उपस्थिति पर कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर करते हुए संख्या बढ़ाने और समय पर पोषण आहार प्रदान करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कुछ दिन पूर्व ही महिला बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों के तहत आंगनबाड़ी केंद्र में पर्याप्त उपस्थिति नहीं होने और अन्य कमियां पाए जाने पर क्षेत्र की सुपरवाइजर को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।



रामपुर मुख्यालय में आंगनबाड़ी केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने केंद्र में बच्चों को प्रदान किए जाने वाले भोजन, उपलब्ध खिलौने, गर्भवती महिलाओं और शिशुवती महिलाओं की संख्या की जानकारी ली। उन्होंने केंद्र में बच्चों की कम संख्या पर निर्देशित किया कि बच्चों की संख्या बढ़ाई जाए। उन्हें निर्धारित समय तक केंद्र में रखे और जरूरी आहार दें। कलेक्टर ने संबंधित सुपरवाइजर द्वारा किए जाने वाले निरीक्षण, पोषण ट्रेकर एप्प में जानकारी दर्ज करने, बच्चों के वजन संबंधित जानकारी दर्ज करने की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकर्ता श्रीमती शारदा राठिया को निर्देशित किया कि केंद्र में आने वाले सभी बच्चों को समय पर भोजन देने के साथ उनका उचित देखभाल भी सुनिश्चित करें। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री संबित मिश्रा भी उपस्थित थे।

### धान खरीदी केंद्र में किसानों को न हो परेशानी -

कलेक्टर ने रामपुर में धान उपार्जन केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने नमी मशीन से धान की आर्द्रता जाँच की। इस दौरान वहां खरीदे गए धान के बोरों को तौलवाकर भी देखा। कलेक्टर ने किसानों से चर्चा करते हुए उनकी समस्याओं के विषय में भी जानकारी ली। केंद्र प्रभारी को कलेक्टर ने निर्देशित किया कि शासन द्वारा धान खरीदी की अंतिम तिथि चार दिन बढ़ाई गई है, अतः खरीदी की प्रक्रिया चार दिन सुचारू रूप से संचालित हो। उन्होंने निर्देशित किया कि मूल किसानों को धान बेचने में किसी तरह की परेशानी न हो और गलत धान की खरीदी न की जाए। इस दौरान किसानों ने खरीदी स्थल बढाने की मांग रखी। कलेक्टर ने इस संबंध में एसडीएम को आवश्यक निर्देश दिए।

## गौमुखी सेवाधाम खिलाड़ियों को कौशल दिखाने का मौका दिया



**कोरबा।** गौमुखी सेवा धाम, देवपहरी के तत्वाधान में 10 ग्राम पंचायत के 40 गांवों के युवा खिलाड़ियों में खेल के माध्यम से देशभक्ति की भावना को जागृत करने के उद्देश्य से आयोजित हुई तिल लाड़ू कप卐 खेलकूद प्रतियोगिता एक अच्छा संदेश देने में सफल रही। कबड्डी, तीरंदाजी और रस्साकसी प्रतियोगिता में ग्रामीण खिलाड़ियों ने हिस्सा लेने के साथ अपना कौशल दिखाया।

विगत 18 वर्षो से आदिवासी अंचल के 40 गांवों के प्रतिभागियों के सहभागिता के साथ यह आयोजन चल रहा है। इस वर्ष यह कार्यक्रम 31 जनवरी को सम्पन्न हुआ। तिल लाड़ू कप में कबड्डी, तीरंदाजी महिला एवम् पुरुष वर्ग के लिए एवं रस्साकसी को शामिल किया गया। इन खेलों में खिलाड़ियों की खेल भावना और वनवासी अंचल में प्रतिभाओं का प्रदर्शन गजब का रहा। कबड्डी में ग्राम पंचायत कछार, तीरंदाजी महिला वर्ग में कु. वसुंधरा मंझवार, तीरंदाजी पुरुष वर्ग में कवल साय, रस्साकसी में ग्राम पंचायत अजगरबहार प्रथम रहे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जितेन्द्र शुक्ला जिला पुलिस अधीक्षक थे। अपने जीवन में खिलाड़ी की भूमिका को याद करते हुए श्री शुक्ल ने कहा कि खेल में शामिल होने से न केवल प्रतिभा उभरती है बल्कि खेल मैदान में पराक्रम, निपुणता, एकता और चपलता जैसे गुण विकसित होते हैं। सबसे बड़ी बात यह भी होती है कि खिलाड़ियों के जीवन में अनुशासन का प्रवेश होता है और वह इसे हर हाल में संभाल कर रखते हैं। ग्रामीण क्षेत्र में किए जा रहे आयोजन और खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने के लिए जारी प्रयासों की उन्होंने सराहना की। गोमुखी सेवा धाम के पूर्व अध्यक्ष श्रेष्ठ सिंह ठाकुर ने कहा कि ग्रामीण जीवन की चुनौतियों को समझने और लोगों के हित में क्या कुछ अच्छा हो सकता है, इसके लिए संस्था दो दशक से काम कर रही है। स्वागत उद्बोधन गौमुखी सेवाधाम के संस्थापक सदस्य जुड़ावन सिंह ठाकुर के द्वारा दिया गया। यह कार्यक्रम पिछले 2 वर्ष से एनटीपीसी के सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत प्रायोजित है। कबड्डी के नेशनल रेफरी डॉक्टर बाबूलाल चंद्र और उनकी टीम ने पूरे आयोजन में अपनी सेवाएं दी। कार्यक्रम में एनटीपीसी कोरबा के अतिरिक्त महाप्रबंधक आर पी शर्मा, रायबगकर उप महाप्रबंधक, आर के जोगी सीएसआर प्रमुख, गौमुखी सेवाधाम के अध्यक्ष मिथलेश दुबे, सचिव योगेश जैन, प्रकल्प प्रमुख और ग्रामीण सेवा कार्यों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित डॉ. देवाशीष मिश्रा, सहसचिव डाक्टर राजीव गुप्ता , जीत भाटिया, सरपंच बंधन सिंह कंवर, तिल लाड़ू कप समिति के सचिव लवभूषण सिंह, कोषाध्यक्ष धनसिंह कंवर व बड़ी संख्या में मातृशक्ति की उपस्थिति रही। । अंत में आभार प्रदर्शन योगेश जैन ने किया।

# वसंत ने सीएचसी करतला व पीएचसी रामपुर का किया निरीक्षण

## स्वास्थ्य अधिकारियों को आमजनों को प्राथमिकता से स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने के दिए निर्देश

**कोरबा ।** कलेक्टर अजीत वसंत ने आज विकासखंड करतला के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं रामपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी लेते हुए स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार करने एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने केंद्र में स्वास्थ्य अधिकारी- कर्मचारियों की स्वीकृत, दर्ज एवं रिक्त पदों की जानकारी लेते हुए सभी स्वास्थ्य कर्मचारियों को समय पर केंद्र में उपस्थित रहकर मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए कहा।निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने करतला के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में ओपीडी, एक्सरे कक्ष, महिला एवं पुरूष वार्ड, भंडार कक्ष, प्रसव कक्ष, ऑपरेशन कक्ष, नेत्र जांच कक्ष, प्रयोगशाला, पीएनसी कक्ष सहित पूरे परिसर का अवलोकन किया। केंद्र में भर्ती मरीजों से स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी लेते हुए उन्होंने मरीजों की सुविधाओं का विशेष ख्याल रखने के निर्देश दिए। जिससे उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने लोगों की सुविधा के लिए स्वास्थ्य केन्द्र में आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्वास्थ्य अधिकारियों से केंद्र में होने वाले प्रसव की जानकारी लेते हुए शत प्रतिशत प्रसव सुरक्षित रूप से संस्थागत कराने के लिए कहा। इस हेतु मितानिनों, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक करने की बात कही।



### पोषण पुनर्वास केंद्र का अवलोकन कर भर्ती बच्चों को कुपोषण मुक्त बनाने दिए निर्देश-

सीएचसी परिसर में स्थित पोषण पुनर्वास केंद्र का अवलोकन करते हुए कलेक्टर ने भर्ती बच्चों को दी जा रही स्वास्थ्य लाभ की जानकारी ली। उन्होंने बच्चों को कुपोषण चक्र से बाहर निकालने हेतु उनके आहार पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही केंद्र में भर्ती बच्चों की माताओं को बच्चों एवं अपने खान-पान, रहन-सहन, साफ-सफाई के प्रति जागरूक कर उनका व्यवहार परिवर्तन हेतु प्रोत्साहित करने की बात कही। कलेक्टर ने इस दौरान इन बच्चों की माताओं को मजदूरी क्षतिपूर्ति व जननी सुरक्षा योजना का लाभ प्राथमिकता से दिलाने के लिए कहा एवं केंद्र में उन्हें योगा सहित अन्य गतिविधियों से भी जोड़ने के लिए कहा। उन्होंने केंद्र में पोस्ट मार्टम कक्ष निर्माण हेतु उपयुक्त स्थान का चिन्हांकन कर प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुर का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने केंद्र के माध्यम से आमजनों को मिलने वाली स्वास्थ्य लाभ की जानकारी लेते हुए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को केंद्र में समय पर उपस्थित रहकर अपने कर्तव्यों का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने क्षेत्र में सर्पदंश की घटनाओं की जानकारी लेते हुए केंद्र में एंटीवेनम व दवाइयों का अनिवार्य रूप से उपलब्धता सुनिश्चित करने की बात कही। जिससे मरीजों को स्वास्थ्य लाभ मिल सके। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री संबित मिश्रा, एसडीएम कोरबा श्री श्रीकांत वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# छात्रावास अधीक्षिका की शिकायत मिली गलत

**कटघोरा।** एकलव्य आवासीय विद्यालय के छात्रावास में अधीक्षिका आशा कुजूर पर पूर्व जनपद सदस्य वीरेंद्र मरकाम द्वारा विद्यालय में अध्यनरत एक बच्ची के साथ मारपीट करने की शिकायत कोरबा कलेक्टर एव वाणिज्य मंत्री से की थी, जिसे गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने एस डी एम पोड़ी उपरोडा से निष्पक्ष जांच करने की दी थी आदेश, जिस पर अनुविभागीय अधिकारी द्वारा एक सप्ताह में मामले की जांच कर खुलासा किया कि संबंधित अधिक्षका पर लगाऐ गए आरोप झूठी एवं बेबुनियाद हे दूसरी तरफ अभिभावक मीटिंग के दौरान पालक चंद्र प्रताप ने बताया कि मेरी बच्ची एकलव्य अवासीय विद्यालय में 3 वर्ष से अध्यनरत है, किंतु आज तक ऐसी कोई शिकायत हमे नहीं मिली, इसी तरह सनमान सिह, उमेश्वर, प्रहलाद सिंह जैसे दर्जनों अभिभावकों ने छात्रावास अधीक्षका को लेकर उनके कुशल कार्यशैली की सराहना की,



और शिकायतकर्ता पूर्व सदस्य की इस झूठी शिकायत को लेकर अपनी राजनीतिक धाक जमाने की बात कही, शिकायतकर्ता वीरेंद्र मरकाम द्वारा राजनीतिक प्रेशर बनाते हुए जांच अधिकारियो पर संबंधित अधिक्षिका को बचाने का आरोप लगाया जा रहा है,बता दें कि, सोशल मीडिया में वायरल खबरों से व्यथित हो कर बच्चों से मिलने पहुंचे परिजनो ने घटना की जानकारी ली, तब पता चला कि छात्रावास में ऐसी किसी प्रकार की कोई मारपीट या प्रताड़ना की घटना नहीं हुई है, जिस पर अभिभावकों ने जनपद सदस्य की राजनैतिक लाभ पाने मनगढ़त कहानी बताते हुए छात्रावास की बदनामी कर अधिक्षका की छवि धूमिल करते हुए मानसिक प्रताड़ना की बात कही, साथ ही कहा कि उन्हें अपने व्यक्तिगत स्वार्थ व राजनीतिक धाक जमाने के लिए इस तरह कृत्य नहीं करना चाहिए यह बात सच हैं कि छात्राओं ने भवन के मांग को लेकर जनपद कार्यालय के सामने अपनी आवाज उठाई थी।

## अभिनंदन समारोह 3 को

**कोरबी।** छत्तीसगढ़ संयुक्त अनियमित कर्मचारी महासंघ के कर्मचारियों के द्वारा विगत 3 फरवरी को ओपन थिएटर घंटाघर कोरबा में स्वागत अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है ।जिला प्रेरक संघ अध्यक्ष रविन्द्र कुमार बाजपेयी ने बताया कि 3 फरवरी को ओपन थिएटर घंटाघर कोरबा में स्वागत अभिनंदन का कार्यक्रम रखा गया है ।जिसमें लखन लाल देवांगन कैबिनेट मंत्री मुख्य अतिथि एवं विशेष अतिथि के रूप में प्रेमचंद पटेल कटघोरा विधायक नरेंद्र देवांगन पार्षद एवं बीजेपी जिला अध्यक्ष राजीव सिंह सहित भारतीय जनता पार्टी के नेतागढ़ उपस्थित होंगे ।यह कार्यक्रम जिले स्तर का होगा जिसमें संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रवि गढ़पाले एवं राज्य स्तर के सभी बड़े कर्मचारी नेता शामिल हो रहे हैं ।



## भाजपा का चुनाव कार्यालय उद्घाटित

**कोरबा।** केंद्रीय चुनाव कार्यालय कोरबा लोक सभा क्षेत्र क्र.4 के उद्घाटन, पूर्व विधान सभा उपाध्यक्ष बनवारी लाल अग्रवाल ने रिबन काटकर अद्घाटन किया। पश्चात भारतीय जानता पार्टी कार्यकर्ताओं का बैठक किया गया,कार्यालय मे आयोजित बैठक को बिल्हा विधायक धरम लाल कौशिक ने विडिओ कांफ्रेंसिंग से उद्बोधन किया। कोरबा लोकसभा केंद्रीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष बनवारी लाल अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य और कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल , कोरबा लोकसभा के सह संयोजक मनोज शर्मा के विशिष्ठ आतिथ्य में और कोरबा जिलाध्यक्ष डॉ राजीव सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष जोगेश लांबा, राजेंद्र पांडेय, महामंत्री द्वय संतोष देवांगन, टिकेश्वर राठिया, कोरबा विधानसभा के संयोजक आलोक सिंह उपस्थित रहे।



# 67वीं राष्ट्रीय शालेय बेसबॉल क्रीड़ा प्रतियोगिता

### छत्तीसगढ़ बना चैंपियन, दिल्ली उपविजेता

**कोरबा ।** जिले में आयोजित 67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2023-24 के तहत आज बालक-बालिका 14 एवं 19 वर्ष आयु वर्ग के बेसबॉल मैच में छत्तीसगढ़ ने सभी वर्गों में जीत हासिल कर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। छत्तीसगढ़ में सभी वर्गों में दिल्ली को हराकर यह उपलब्धि हासिल की। प्रतियोगिता में बालक, बालिका 14 एवं 19 आयु वर्ग में दिल्ली की टीम उपविजेता रही। इसी तरह बालक 19 वर्ष महाराष्ट्र तीसरे, मध्यप्रदेश चतुर्थ, बालिका 19 वर्ष आयु में महाराष्ट्र तीसरा, चंडीगढ़ चतुर्थ, बालक 14 वर्ष में सीबीएसई तीसरा, महाराष्ट्र चतुर्थ और बालिका 14 वर्ष में चंडीगढ़ तीसरा व महाराष्ट्र चौथे स्थान पर रहा।

# दूर की सोचें, बड़ा सोचें और बिना तनाव के परीक्षा की तैयारी करें: डीएम

### कलेक्टर ने करतला और रामपुर में विद्यार्थियों को दी आगे बढ़ने और लक्ष्य हासिल करने की प्रेरणा





**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत ने आज करतला विकासखंड अंतर्गत आत्मानन्द स्कूल करतला और रामपुर के स्कूल का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कक्षा दसवीं और बारहवीं की कक्षा में जाकर विद्यार्थियों से न सिर्फ वन टू वन चर्चा की, उन्होंने विद्यार्थियों को परीक्षा में सफल होने और लक्ष्य को हासिल करने के लिए लगन, परिश्रम करने और कुछ बड़ा बनने के लिए अच्छा सोचने, बड़ा सोचने की बात कही। कलेक्टर ने कहा कि जीवन में आपको क्या बनना है, आपका लक्ष्य क्या है..? यह सोचकर नहीं रखेंगे तो मुकाम पर पहुंचने के लिए कई चुनौतियां आएंगी। आप विद्यार्थी है और पढ़ाई कर रहे हैं, सोचने पर किसी का एकाधिकार नहीं है, दूर तक की सोच, बड़ी सोच आपको मंजिल दिलाएगी। उन्होंने विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने और परीक्षा को लेकर किसी तरह का तनाव व दबाव न रखने की बात कहते हुए आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

करतला में स्वामी आत्मानन्द विद्यालय के कक्षा 10 वीं में कलेक्टर अजीत वसंत ने कई विद्यार्थियों से बात भी की। छात्रा सुकांति राठिया और हेमलता राठिया से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि जीवन में जो भी बनना है, उसके लिए दृढनिश्चय कर तैयारी किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री जी ने भी हाल ही में आप सबको तनावमुक्त होकर परीक्षा की तैयारी करने का संदेश दिया था। उन्होंने 10 के पश्चात 11वीं कक्षा से विषय चयन के साथ कैरियर निर्माण की जानकारी भी दी। कक्षा 12वीं में उन्होंने आर्ट्स विषय के विद्यार्थियों को बताया कि कोई भी विषय बड़ा या छोटा नहीं होता। आर्ट्स वाले हैं, इसमें ज्यादा कैरियर की सम्भावनाएं नहीं हैं, यह सोच दिमाग से हटाकर पूरी तन्मयता के साथ परीक्षा की तैयारी करनी है। उन्होंने आर्ट्स सब्जेक्ट में जॉब की बहुत संभावनाएं होने की बात कही। रामपुर में सेजेस के निरीक्षण पर पहुँचे कलेक्टर ने कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों से चर्चा की। उन्होंने चन्द्रयान प्रक्षेपण पर विद्यार्थियों से चर्चा करते हुए बताया कि देश के वैज्ञानिकों ने बड़ी उपलब्धि हासिल की। महिला वैज्ञानिकों का योगदान भी महत्वपूर्ण था। आप विद्यार्थी भी अपनी उत्सुकता और मेहनत से इस क्षेत्र में जा सकते हैं। कलेक्टर से स्कूली विद्यार्थियों से यह भी कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में रहने के बावजूद आप अपनी तैयारी और कठिन मेहनत से शहरी क्षेत्रों के विद्यार्थियों की तरह आगे बढ़कर सफलता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने सेजेस स्कूलों में शिक्षकों के रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती करने और पहुँचमार्ग,लाइब्रेरी, लैब शौचालय आदि समस्याओं को दूर करने की बात कही। कलेक्टर ने विद्यालय के प्राचार्य से गत परीक्षा परिणामों की जानकारी लेते हुए इस वर्ष परिणाम के प्रतिशत में वृद्धि करने की दिशा में विद्यार्थियों को बिना दबाव के लगातार प्रेरित करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री संबित मिश्रा, एसडीएम श्रीकांत वर्मा और बीइओ संदीप पांडे उपस्थित थे।

## अग्निवीर के तहत भारतीय थलसेना में भर्ती हेतु अधिसूचना जारी

**कोरबा ।** भारतीय वायुसेना द्वारा अविवाहित युवाओं एवं युवतियों को अग्निवीर के तहत सेना में भर्ती के लिए पूर्व में अधिसूचना जारी हुई है। जिसके तहत इच्छुक आवेदकों से 08 फरवरी से 21 मार्च 2024 तक तक ऑनलाइन आवेदन मंगाए गए हैं। ऑनलाइन आवेदन वेबसाइट पर किया जा सकता है।

जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि अग्निवीर वायुसेना भर्ती में सम्मिलित होने के लिए आवेदक की जन्मतिथि 31/10/2024 की स्थिति में साढ़े 17 वर्ष से 21 वर्ष तक होना अनिवार्य है। आवेदक का 8वीं से 12वीं उत्तीर्ण होना वांछनीय है। आवेदकों द्वारा अग्निवीर सामान्य ड्यूटी, टेक्निकल, क्लर्क, स्टोरकीपर, ट्रेड्समेन, सामान्य ड्यूटी महिला पदों हेतु आवेदन किया जा सकता है। भर्ती हेतु ऑनलाइन परीक्षा का आयोजन अप्रैल एवं मई माह में होने की संभावना है।

## नियमों की अनदेखी कर हो रहा मार्ट का संचालन

**कोरबा।** भाजपा जिला सह संयोजक मो. न्याज नूर आरबी ने सीएम को पत्र लिखकर कहा है कि कुटीर उद्योग एवं महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने तथा उन्हें स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सी-मार्ट की स्थापना की गई है। लेकिन आदिवासी बाहुल्य आकांक्षी जिला कोरबा में शासन की मंशा एवं निर्धारित गाइडलाइंस के विपरीत सी मार्ट का संचालन किया जा रहा है।नियमानुसार सी मार्ट में 60/40 के अनुपात में सामाग्री विक्रय हेतु रखा जाना है। 40 प्रतिशत महिला स्व सहायता समूहों द्वारा तैयार उत्पाद की बिक्री की जानी है, तो 60 फीसदी सामाग्री संचालनकर्ता फर्म को खुले बाजार से क्रय करने का प्रावधान है। लेकिन कोरबा जिले में संचालनकर्ता फर्म मे. रामसा एलायड प्रा. लि. रायपुर ने शासन के निर्धारित गाइडलाइंस की धज्जियां उड़ाते हुए 90 फीसदी से अधिक उत्पाद अपने निहित स्वार्थ कमीशन के लिए खुले बाजार से क्रय कर सी मार्ट में री पैकिंग कर निर्धारित समानुपात की पूर्ति कुटरचना कर केवल फर्जी आंकड़ों के जरिए कर शासन प्रशासन के आंखों में धूल झोंक रही है।श्री आरबी ने लिखा है कि शासन को कोरबा जिले के सी मार्ट से जनवरी माह में 1 करोड़ 4 लाख के सामाग्री क्रय की जानकारी दी गई है, नियमानुसार सीएलएफ (कलस्टर लेवल फेडरेशन ) से सामाग्री क्रय किया जाना था, लेकिन नियमों की अनदेखी कर 90 फीसदी से अधिक सामाग्री खुले बाजार से कमीशन की आड़ में क्रय की गई।युवा नेता ने कहा कि करतला जैसे आदिवासी बाहुल्य ब्लॉक में आज पर्यंत महज 40 हजार रुपए के स्व सहायता समूहों को बड़ी, पापड़, तिल लड्डू ,चप्पल क्रय करने के एवज में भुगतान हुआ है, अन्य ब्लाकों में भी कमोबेश यही हालात हैं। इस तरह महिला समूहों के द्वारा तैयार उत्पाद को प्रोत्साहित करने की जगह महज 100 रुपए मासिक किराए की दर पर नगर निगम से कोरबा के हृदय स्थल टी.पी. नगर चौक में मिले विशाल भवन में सी मार्ट का व्यवसायिक उपयोग हो रहा है। विभिन्न फर्मों से मार्केट से सामाग्रियों की खरीदी की जा रही है। सी मार्ट को ऑफिस बनाकर ठेकेदारी से लेकर कामर्शियल कामकाज ऑपरेट किया जा रहा है।

## चौकी में घुसकर प्रभारी व पुलिस कर्मियों से की झूमाझटकी व तोड़फोड़..

**कोरबा।** कटघोरा थाना अंतर्गत जटगा चौकी मे बीती रात ग्रामीणों द्वारा चौकी कार्यालय में घुसकर पुलिस स्टॉफ के साथ मारपीट व झूमाझटकी व तोड़फोड़ करने का मामला सामने आया है। दरअसल चौकी प्रभारी मंगतू राम मरकाम द्वारा क्षेत्र मे चल रहे अवैध शराब कि बिक्री कों लेकर लगातार कार्यवाही कि जा रही है इसी दरम्यान सोमवार की रात जड़गा पुलिस द्वारा जड़गा निवासी कंकड सारथी नामक व्यक्ति के घर दबीश देकर कच्ची शराब पकडी गई। मामले मे प्रकरण बनाकर कार्यवाही कि गई। लेकिन कार्यवाही से नाराज़ कुछ गरामीनों कों यह रास नहीं आया और पुलिस के इस तरह के कार्यवाही से नाराज ग्रामीणों कि भीड़ ने जड़गा चौकी घेराव कर दिया और जमकर हंगामा किया। ग्राम जड़गा के सरपंच पति नारायण सिंह व उपस्थित ग्रामीणों ने हंगामा करते हुए चौकी कार्यालय में धावा बोल दिया। और कार्यालय में मौजूद चौकी प्रभारी मंगतू राम मरकाम समेत पुलिस स्टॉफ के साथ मारपीट व झूमाझटकी की घटना को अंजाम दिया साथ ही चौकी के भीतर तोड़फोड़ की। इस घटना में कुछ पुलिस कर्मियों मामूली चोट भी आई। घटना का वीडियो चौकी में लगे सीसीटीवी में कैद हो गया।

## जेसीबी को जप्त किया वन विभाग ने



कोरबा। जिले के केंदई रेंज अंतर्गत भूलसी भावना गांव के निकट जंगल के कक्ष क्रमांक 369 में सुशील एक्का नामक व्यक्ति द्वारा अतिक्रमण करने वन विभाग की जमीन को जेसीबी से खुदवाकर खेत बनाया जा रहा था। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी को जप्त कर वन अधिनियत की धारा के तहत कार्रवाई की है। कार्रवाई में रेंजर अभिषेक दूबे के नेतृत्व में परिक्षेत्र सहायक आर.एस.कंवर ,एस यादव, पवन बिझंवार, सुरेन्द्र कंवर, लाल जी पटेल विनोद राज, अशोक श्रीवास,पकंज खैरवार ने अहम भूमिका निभाई।

# आंगनबाड़ी केंद्र में मिले कम बच्चे सुपरवाइजर को नोटिस जारी करने के निर्देश

### अजीत ने किया आंगनबाड़ी केंद्र रामपुर का निरीक्षण

**कोरबा ।** कलेक्टर अजीत वसंत ने आज करतला विकासखंड अन्तर्गत रामपुर में आंगनबाड़ी केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान बच्चों की कम उपस्थिति पर कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर करते हुए संख्या बढ़ाने और समय पर पोषण आहार प्रदान करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कुछ दिन पूर्व ही महिला बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों के तहत आंगनबाड़ी केंद्र में पर्याप्त उपस्थिति नहीं होने और अन्य कमियां पाए जाने पर क्षेत्र की सुपरवाइजर को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।



रामपुर मुख्यालय में आंगनबाड़ी केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने केंद्र में बच्चों को प्रदान किए जाने वाले भोजन, उपलब्ध खिलौने, गर्भवती महिलाओं और शिशुवती महिलाओं की संख्या की जानकारी ली। उन्होंने केंद्र में बच्चों की कम संख्या पर निर्देशित किया कि बच्चों की संख्या बढ़ाई जाए। उन्हें निर्धारित समय तक केंद्र में रखे और जरूरी आहार दें। कलेक्टर ने संबंधित सुपरवाइजर द्वारा किए जाने वाले निरीक्षण, पोषण ट्रेकर एप्प में जानकारी दर्ज करने, बच्चों के वजन संबंधित जानकारी दर्ज करने की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकर्ता श्रीमती शारदा राठिया को निर्देशित किया कि केंद्र में आने वाले सभी बच्चों को समय पर भोजन देने के साथ उनका उचित देखभाल भी सुनिश्चित करें। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री संबित मिश्रा भी उपस्थित थे।

#### धान खरीदी केंद्र में किसानों को न हो परेशानी -

कलेक्टर ने रामपुर में धान उपार्जन केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने नमी मशीन से धान की आर्द्रता जाँच की। इस दौरान वहां खरीदे गए धान के बोरों को तौलवाकर भी देखा। कलेक्टर ने किसानों से चर्चा करते हुए उनकी समस्याओं के विषय में भी जानकारी ली। केंद्र प्रभारी को कलेक्टर ने निर्देशित किया कि शासन द्वारा धान खरीदी की अंतिम तिथि चार दिन बढ़ाई गई है, अतः खरीदी की प्रक्रिया चार दिन सुचारू रूप से संचालित हो। उन्होंने निर्देशित किया कि मूल किसानों को धान बेचने में किसी तरह की परेशानी न हो और गलत धान की खरीदी न की जाए। इस दौरान किसानों ने खरीदी स्थल बढाने की मांग रखी। कलेक्टर ने इस संबंध में एसडीएम को आवश्यक निर्देश दिए।

## गौमुखी सेवाधाम खिलाड़ियों को कौशल दिखाने का मौका दिया



**कोरबा।** गौमुखी सेवा धाम, देवपहरी के तत्वाधान में 10 ग्राम पंचायत के 40 गांवों के युवा खिलाड़ियों में खेल के माध्यम से देशभक्ति की भावना को जागृत करने के उद्देश्य से आयोजित हुई तिल लाड़ू कप卐 खेलकूद प्रतियोगिता एक अच्छा संदेश देने में सफल रही। कबड्डी, तीरंदाजी और रस्साकसी प्रतियोगिता में ग्रामीण खिलाड़ियों ने हिस्सा लेने के साथ अपना कौशल दिखाया।

विगत 18 वर्षो से आदिवासी अंचल के 40 गांवों के प्रतिभागियों के सहभागिता के साथ यह आयोजन चल रहा है। इस वर्ष यह कार्यक्रम 31 जनवरी को सम्पन्न हुआ। तिल लाडू कप में कबड्डी, तीरंदाजी महिला एवम् पुरुष वर्ग के लिए एवं रस्साकसी को शामिल किया गया। इन खेलों में खिलाड़ियों की खेल भावना और वनवासी अंचल में प्रतिभाओं का प्रदर्शन गजब का रहा। कबड्डी में ग्राम पंचायत कछार, तीरंदाजी महिला वर्ग में कु. वसुंधरा मंझवार, तीरंदाजी पुरुष वर्ग में कवल साय, रस्साकसी में ग्राम पंचायत अजगरबहार प्रथम रहे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जितेन्द्र शुक्ला जिला पुलिस अधीक्षक थे। अपने जीवन में खिलाड़ी की भूमिका को याद करते हुए श्री शुक्ल ने कहा कि खेल में शामिल होने से न केवल प्रतिभा उभरती है बल्कि खेल मैदान में पराक्रम, निपुणता, एकता और चपलता जैसे गुण विकसित होते हैं। सबसे बड़ी बात यह भी होती है कि खिलाड़ियों के जीवन में अनुशासन का प्रवेश होता है और वह इसे हर हाल में संभाल कर रखते हैं। ग्रामीण क्षेत्र में किए जा रहे आयोजन और खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने के लिए जारी प्रयासों की उन्होंने सराहना की। गोमुखी सेवा धाम के पूर्व अध्यक्ष श्रेष्ठ सिंह ठाकुर ने कहा कि ग्रामीण जीवन की चुनौतियों को समझने और लोगों के हित में क्या कुछ अच्छा हो सकता है, इसके लिए संस्था दो दशक से काम कर रही है। स्वागत उद्बोधन गौमुखी सेवाधाम के संस्थापक सदस्य जुड़ावन सिंह ठाकुर के द्वारा दिया गया। यह कार्यक्रम पिछले 2 वर्ष से एनटीपीसी के सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत प्रायोजित है। कबड्डी के नेशनल रेफरी डॉक्टर बाबूलाल चंद्र और उनकी टीम ने पूरे आयोजन में अपनी सेवाएं दी। कार्यक्रम में एनटीपीसी कोरबा के अतिरिक्त महाप्रबंधक आर पी शर्मा, रायबगकर उप महाप्रबंधक, आर के जोगी सीएसआर प्रमुख, गौमुखी सेवाधाम के अध्यक्ष मिथलेश दुबे, सचिव योगेश जैन, प्रकल्प प्रमुख और ग्रामीण सेवा कार्यों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित डॉ. देवाशीष मिश्रा, सहसचिव डाक्टर राजीव गुप्ता , जीत भाटिया, सरपंच बंधन सिंह कंवर, तिल लाडू कप समिति के सचिव लवभूषण सिंह, कोषाध्यक्ष धनसिंह कंवर व बड़ी संख्या में मातृशक्ति की उपस्थिति रही। । अंत में आभार प्रदर्शन योगेश जैन ने किया।

# वसंत ने सीएचसी करतला व पीएचसी रामपुर का किया निरीक्षण

### स्वास्थ्य अधिकारियों को आमजनों को प्राथमिकता से स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने के दिए निर्देश

**कोरबा ।** कलेक्टर अजीत वसंत ने आज विकासखंड करतला के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं रामपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी लेते हुए स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार करने एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने केंद्र में स्वास्थ्य अधिकारी- कर्मचारियों की स्वीकृत, दर्ज एवं रिक्त पदों की जानकारी लेते हुए सभी स्वास्थ्य कर्मचारियों को समय पर केंद्र में उपस्थित रहकर मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए कहा।निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने करतला के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में ओपीडी, एक्सरे कक्ष, महिला एवं पुरूष वार्ड, भंडार कक्ष, प्रसव कक्ष, ऑपरेशन कक्ष, नेत्र जांच कक्ष, प्रयोगशाला, पीएनसी कक्ष सहित पूरे परिसर का अवलोकन किया। केंद्र में भर्ती मरीजों से स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी लेते हुए उन्होंने मरीजों की सुविधाओं का विशेष ख्याल रखने के निर्देश दिए। जिससे उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने लोगों की सुविधा के लिए स्वास्थ्य केन्द्र में आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्वास्थ्य अधिकारियों से केंद्र में होने वाले प्रसव की जानकारी लेते हुए शत प्रतिशत प्रसव सुरक्षित रूप से संस्थागत कराने के लिए कहा। इस हेतु मितानिनों, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक करने की बात कही।



#### पोषण पुनर्वास केंद्र का अवलोकन कर भर्ती बच्चों को कुपोषण मुक्त बनाने दिए निर्देश-

सीएचसी परिसर में स्थित पोषण पुनर्वास केंद्र का अवलोकन करते हुए कलेक्टर ने भर्ती बच्चों को दी जा रही स्वास्थ्य लाभ की जानकारी ली। उन्होंने बच्चों को कुपोषण चक्र से बाहर निकालने हेतु उनके आहार पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही केंद्र में भर्ती बच्चों की माताओं को बच्चों एवं अपने खान-पान, रहन-सहन, साफ-सफाई के प्रति जागरूक कर उनका व्यवहार परिवर्तन हेतु प्रोत्साहित करने की बात कही। कलेक्टर ने इस दौरान इन बच्चों की माताओं को मजदूरी क्षतिपूर्ति व जननी सुरक्षा योजना का लाभ प्राथमिकता से दिलाने के लिए कहा एवं केंद्र में उन्हें योगा सहित अन्य गतिविधियों से भी जोड़ने के लिए कहा। उन्होंने केंद्र में पोस्ट मार्टम कक्ष निर्माण हेतु उपयुक्त स्थान का चिन्हांकन कर प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुर का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने केंद्र के माध्यम से आमजनों को मिलने वाली स्वास्थ्य लाभ की जानकारी लेते हुए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को केंद्र में समय पर उपस्थित रहकर अपने कर्तव्यों का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने क्षेत्र में सर्पदंश की घटनाओं की जानकारी लेते हुए केंद्र में एंटीवेनम व दवाइयों का अनिवार्य रूप से उपलब्धता सुनिश्चित करने की बात कही। जिससे मरीजों को स्वास्थ्य लाभ मिल सके। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री संबित मिश्रा, एसडीएम कोरबा श्री श्रीकांत वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# छात्रावास अधीक्षिका की शिकायत मिली गलत



**कटघोरा।** एकलव्य आवासीय विद्यालय के छात्रावास में अधीक्षिका आशा कुजूर पर पूर्व जनपद सदस्य वीरेंद्र मरकाम द्वारा विद्यालय में अध्यनरत एक बच्ची के साथ मारपीट करने की शिकायत कोरबा कलेक्टर एव वाणिज्य मंत्री से की थी, जिसे गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने एस डी एम पोड़ी उपरोडा से निष्पक्ष जांच करने की दी थी आदेश, जिस पर अनुविभागीय अधिकारी द्वारा एक सप्ताह में मामले की जांच कर खुलासा किया कि संबंधित अधिक्षका पर लगाऐ गए आरोप झूठी एवं बेबुनियाद हे दूसरी तरफ अभिभावक मीटिंग के दौरान पालक चंद्र प्रताप ने बताया कि मेरी बच्ची एकलव्य अवासीय विद्यालय में 3 वर्ष से अध्यनरत है, किंतु आज तक ऐसी कोई शिकायत हमे नहीं मिली, इसी तरह सनमान सिह, उमेश्वर, प्रहलाद सिंह जैसे दर्जनों अभिभावकों ने छात्रावास अधीक्षका को लेकर उनके कुशल कार्यशैली की सराहना की, और शिकायतकर्ता पूर्व सदस्य की इस झूठी शिकायत को लेकर अपनी राजनीतिक धाक जमाने की बात कही, शिकायतकर्ता वीरेंद्र मरकाम द्वारा राजनीतिक प्रेशर बनाते हुए जांच अधिकारियो पर संबंधित अधिक्षिका को बचाने का आरोप लगाया जा रहा है,बता दें कि, सोशल मीडिया में वायरल खबरों से व्यथित हो कर बच्चों से मिलने पहुंचे परिजनो ने घटना की जानकारी ली, तब पता चला कि छात्रावास में ऐसी किसी प्रकार की कोई मारपीट या प्रताड़ना की घटना नहीं हुई है, जिस पर अभिभावकों ने जनपद सदस्य की राजनैतिक लाभ पाने मनगढ़त कहानी बताते हुए छात्रावास की बदनामी कर अधिक्षका की छवि धूमिल करते हुए मानसिक प्रताड़ना की बात कही, साथ ही कहा कि उन्हें अपने व्यक्तिगत स्वार्थ व राजनीतिक धाक जमाने के लिए इस तरह कृत्य नहीं करना चाहिए यह बात सच हैं कि छात्राओं ने भवन के मांग को लेकर जनपद कार्यालय के सामने अपनी आवाज उठाई थी।

## अभिनंदन समारोह 3 को

**कोरबी।** छत्तीसगढ़ संयुक्त अनियमित कर्मचारी महासंघ के कर्मचारियों के द्वारा विगत 3 फरवरी को ओपन थिएटर घंटाघर कोरबा में स्वागत अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है ।जिला प्रेरक संघ अध्यक्ष रविन्द्र कुमार बाजपेयी ने बताया कि 3 फरवरी को ओपन थिएटर घंटाघर कोरबा में स्वागत अभिनंदन का कार्यक्रम रखा गया है ।जिसमें लखन लाल देवांगन कैबिनेट मंत्री मुख्य अतिथि एवं विशेष अतिथि के रूप में प्रेमचंद पटेल कटघोरा विधायक नरेंद्र देवांगन पार्षद एवं बीजेपी जिला अध्यक्ष राजीव सिंह सहित भारतीय जनता पार्टी के नेतागढ़ उपस्थित होंगे ।यह कार्यक्रम जिले स्तर का होगा जिसमें संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रवि गढ़पाले एवं राज्य स्तर के सभी बड़े कर्मचारी नेता शामिल हो रहे हैं ।



## भाजपा का चुनाव कार्यालय उद्घाटित

**कोरबा।** केंद्रीय चुनाव कार्यालय कोरबा लोक सभा क्षेत्र क्र.4 के उद्घाटन, पूर्व विधान सभा उपाध्यक्ष बनवारी लाल अग्रवाल ने रिबन काटकर अद्घाटन किया। पश्चात भारतीय जानता पार्टी कार्यकर्ताओं का बैठक किया गया,कार्यालय मे आयोजित बैठक को बिल्हा विधायक धरम लाल कौशिक ने विडिओ कांफ्रेंसिंग से उद्बोधन किया। कोरबा लोकसभा केंद्रीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष बनवारी लाल अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य और कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल , कोरबा लोकसभा के सह संयोजक मनोज शर्मा के विशिष्ठ आतिथ्य में और कोरबा जिलाध्यक्ष डॉ राजीव सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष जोगेश लांबा, राजेंद्र पांडेय, महामंत्री द्वय संतोष देवांगन, टिकेश्वर राठिया, कोरबा विधानसभा के संयोजक आलोक सिंह उपस्थित रहे।

## अनमोल वचन

**अपने कर्तव्य पर अटल रहने वाला ही सफल होता है..!**

# एनडीए में सीट बंटवारा आसान नहीं होगा

बिहार में भाजपा और जदयू ने फिर सरकार बना ली और नीतीश कुमार मुख्यमंत्री बन गए लेकिन उसके बाद एनडीए के भीतर सीट बंटवारे का मामला उलझ गया। पहले 'इंडिया' के भीतर सीट बंटवारा उलझा हुआ था और अब एनडीए में उलझन शुरू हो गई। चिराग पासवान ने अभी इस बारे में कोई बात नहीं की है तो जीतन राम मांझी, उपेंद्र कुशवाहा और पशुपति पारस भी सीटों के आकलन में जुटे हैं। राज्य की 40 लोकसभा सीटें हैं और पिछली बार भाजपा, जदयू के साथ लोक जनशक्ति पार्टी थी। भाजपा और जदयू के बीच 17-17 सीटें बंटी थीं और लोजपा को छह सीट मिली थी। इस बार लोजपा दो खेमों में बंट गई है, जिनमें से एक का नेतृत्व चिराग पासवान कर रहे हैं तो दूसरे की कमान पशुपति पारस के हाथ में है। इनके अलावा पिछली बार महागठबंधन के साथ रहे उपेंद्र कुशवाहा भी एनडीए के साथ हैं और जीतन राम मांझी भी हैं। सो, इन दो नई पार्टियों को एडजस्ट करना होगा।

सबसे पहले भाजपा और जदयू के बीच सीट बंटवारा फाइनल करना होगा। बताया जा रहा है कि पिछली बार की तरह इस बार जदयू को 17 सीटें नहीं मिलेंगी। लेकिन ऐसा भी नहीं होग कि नीतीश कुमार बहुत कम सीटों पर राजी हो जाएंगे। अगर कहा जा रहा है कि उनके कोटे की दो या तीन सीटें लेकर उपेंद्र कुशवाहा और जीतन राम मांझी को दी जाएंगी। यानी नीतीश जितनी सीट छोड़ेंगे उतनी ही सीट कुशवाहा और मांझी को मिलेगी। पहले की तरह लोक जनशक्ति पार्टी को छह सीटें दी जाएंगी। ये छह सीटें चाचा-भतीजा यानी पशुपति पारस और चिराग पासवान के बीच बंटेंगी। ध्यान रहे 2014 के लोकसभा चुनाव के समय भाजपा ने लोजपा को सात सीट दी थी, लेकिन 2019 में इसे छह किया गया और बदले में भाजपा ने एक राज्यसभा की सीट रामविलास पासवान को दी थी, जो उनके निधन के बाद भाजपा ने फिर वापस से ली थी। कहा जा रहा है कि इस बार राज्यसभा की एक सीट फिर से लोजपा को ऑफर की जा सकती है। इस तरह छह लोकसभा और एक राज्यसभा सीट के जरिए चिराग और पारस को एडजस्ट किया जाएगा।

## राशिफल

मेष राशि- आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आपके ऊपर आज भगवान की कृपा बनी रहेगी और आप अच्छे काम करेंगे। आज आपका मन भावनात्मक तौर पर अधिक मजबूत रहेगा। आपका दिन परोपकार के कार्यों में लग सकता है।

वृष राशि-आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज आप किसी प्रकार की यात्रा पर जा सकते हैं, जहां आपको व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए नए अवसर प्राप्त होंगे और कोई बड़ी डील फाइनल हो सकती है, जिससे आपकी आर्थिक समस्याएं समाप्त हो जाएंगी। ट

मिथुन राशि-आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आप का मन आज किसी बात को लेकर बहुत अधिक प्रसन्न रहेगा। आप मन ही मन फूले नहीं समाएंगे। आध्यात्मिकता से अपने मन को बहुत अधिक शांत रखने की कोशिश करेंगे।

कर्क राशि- आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। जीवनसाथी के साथ किसी बात को लेकर चल रही अनबन आज समाप्त होगी। अपने परिवार के किसी सदस्य की सेहत को लेकर आप थोड़ा सा चिंतित हो सकते हैं। व्यापार करने वाले लोगों के लिए दिन अच्छा रहेगा, आप अपने व्यापार में किसी प्रकार का फेर बदल ना करें।

सिंह राशि- आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आपको आज समाज में मान सम्मान मिलेगा, जिससे आपका मन बहुत ही प्रसन्न रहेगा। आज आपका मन धार्मिक कार्यक्रमों में लगा रहेगा।

कन्या राशि-आज आपका दिन नई उमंगो के साथ शुरू होगा। ऑफिस में आपके हार्डवर्क को देखते हुए बॉस आपकी सैलरी में इन्क्रीमेंट कर सकते हैं। जॉब की तैयारी कर रहे छात्रों की मेहनत आज रंग लाएगी। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी बनी रहेगी।

तुला राशि-आज आपका दिन अच्छा रहेगा। अगर आप प्रॉपर्टी डीलर है तो आपको आज अधिक फायदा होगा। काम के प्रति भागदौड़ बनी रहेगी, धैर्य के साथ काम को अच्छे तरीके से करें। आज आप फिजूल की बातों पर बहस करने से बचे, बेहतर होगा की आवश्यकता पड़ने पर ही बात करें मन शांत रहेगा।

वृश्चिक राशि-आज आपका दिन उत्साह से भरा रहेगा। ग्राफ़िक डिजाईन के स्टूडेंट्स आज कुछ नया क्रिएटिव करेंगे, साथ ही अपने जूनियर्स को भी सिखायेंगे। आज आप किसी कॉलेज में एडमिशन लेने के लिए अपने दोस्त के साथ जाएंगे। आज आप अपने अधूरे कामों को पूरा करके नए काम पर भी ध्यान देंगे।

धनु राशि-आज का दिन जीवन में एक नई दिशा लेकर आएगा। आज आप अपना ध्यान किसी रचनात्मक कार्य में लगायेंगे, जिससे आपका अनुभव और अधिक बढ़ेगा। आप ऐसे लोगों से मिलेंगे, जो भविष्य में आपकी मदद करेंगे। इम्पोर्टेन्ट वर्क पूरा करने में ध्यान भटक सकता है, इसलिए अपने काम को कंसन्ट्रेट होकर करें, जिससे आपको जल्द ही सफलता मिलेगी।

मकर राशि-आज़ का दिन आपके लिए ठीक ठाक रहने वाला है। आज आपको मित्रों से कुछ बेहतर सलाह मिलेगी। इस राशि के छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा, पढ़ाई में मन लगेगा। किसी अनुभवी की सलाह से आपको धन लाभ मिलेगा।

कुंभ राशि-आज आपका दिन नया बदलाव लाने वाला है। आज अपने काम पर फोकस करे, काम सफल होगा। मेडिकल की तैयारी कर रहे छात्रों को आज इंटर्नशिप करने का मौका मिलेगा। आज आप अपने बच्चों को उपहार देंगे। बच्चों का मन प्रसन्न होगा।

मीन राशि-आज आपका दिन बेहद ही सुनहरा रहेगा। समाज में आपके कार्यों की तारीफ होगी, आपका लोगों पर इम्प्रेसन अच्छा जमेगा। घर के डेकोरेशन का वर्क करवाने के लिए आप अपने परिवार से सलाह लेकर किसी डेकोरेशन वाले से करवाएंगे। माता-पिता का सहयोग मिलेगा उनके साथ आप किसी धार्मिक स्थान पर घूमने जायेंगे।

# गठबंधन बिखरने का जिम्मेदार कौन

//अजीत द्विवेदी//

**भाजपा की तरह तो नहीं लेकिन उससे मिलती जुलती एक साइबर आर्मी कांग्रेस के पास भी है। कांग्रेस के पास भी एक इकोसिस्टम है, जिसमें पारंपरिक रूप से भाजपा और संघ विरोधी लोगों की बड़ी संख्या है। ये सब लोग हर स्थिति में उसी तरह से कांग्रेस के बचाव या समर्थन में उतरते हैं, जैसे भाजपा के इकोसिस्टम के लोग भाजपा का समर्थन और बचाव करते रहते हैं। इन दोनों पार्टियों के मुकाबले अन्य पार्टियों के पास ऐसी कोई साइबर आर्मी या इकोसिस्टम नहीं है। आम आदमी पार्टी को एक अपवाद मान सकते हैं। तभी जब विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में बिखराव शुरू हुआ तो केंद्रीय पार्टी कांग्रेस की भूमिका पर सवाल उठाने की बजाय सबने नीतीश कुमार और ममता बनर्जी को निशाना बनाना शुरू किया। कहीं कहीं आम आदमी पार्टी भी निशाने पर आई तो कहीं कम्युनिस्ट पार्टियों पर हमला हुआ। लेकिन सवाल है कि क्या विपक्षी गठबंधन नहीं बना या बनने से पहले ही बिखरता दिख रहा है तो उसके लिए प्रादेशिक पार्टियों के नेता ही जिम्मेदार हैं या कांग्रेस की भी कोई जिम्मेदारी बनती है।**

बड़ा सवाल यह है कि गठबंधन की केंद्रीय पार्टी के तौर पर क्या कांग्रेस को पहल अपने हाथ में नहीं रखनी चाहिए थी। उसने क्यों गठबंधन की जिम्मेदारी आउटसोर्स की थी। पहले शरद पवार गठबंधन बनाने की कोशिश करते रहे। फिर ममता बनर्जी और के चंद्रशेखर राव ने इसका प्रयास किया। अरविंद केजरीवाल ने भी एक समय इसकी कोशिश की और अंत में नीतीश कुमार ने सफल प्रयास किया। नीतीश पिछले साल अप्रैल में इस सिलसिले में पहली बार मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी से मिले थे। तब तक खबर थी कि राहुल के मन में नीतीश को लेकर नाराजगी है क्योंकि 2015 में गठबंधन के साथ लड़ने के बाद वे राजद और कांग्रेस को छोड़ कर भाजपा में चले गए थे। अब भी यह कहा जा रहा है कि कांग्रेस को नीतीश पर पहले से भरोसा नहीं था। खड़गे ने तो यहां तक कि उनको पहले ही पता चल गया था कि नीतीश गठबंधन छोड़ेंगे। अब सवाल है कि जब पहले ही पता चल गया था या भरोसा नहीं था तो उनको साथ बैठा कर बात करने का क्या मतलब था।

नीतीश कुमार जब गठबंधन का प्रस्ताव लेकर दिल्ली पहुंचे थे और खड़गे व राहुल से मिले थे तब दोनों ने उनके प्रयास का समर्थन किया था। कांग्रेस ने न सिर्फ उनके प्रयास का समर्थन किया, बल्कि उनके तय किए गए राजनीतिक एजेंडे को अपनाया था। जाति गणना और आरक्षण की सीमा बढ़ाना नीतीश कुमार का आइडिया था, जिस पर राहुल गांधी कर्नाटक का विधानसभा चुनाव लड़े। उन्होंने नीतीश के एजेंडे को आगे बढ़ाते हुए प्रेस कांफ्रेंस में पूछना शुरू किया कि इसमें कितने ओबीसी हैं या यह बताना शुरू किया कि देश के 90 सचिवों में सिर्फ तीन सचिव ओबीसी हैं या यह नारा दिया कि 'जितनी आबादी उतना हक'। सोचें, जब नीतीश पर भरोसा नहीं था तब तो उनको गठबंधन बनाने की जिम्मेदारी दी गई, उनके राजनीतिक एजेंडे को चुनावी मुद्दा बनाया गया और उनकी पहल पर पटना में पहली बैठक हुई। इसका मतलब है कि भरोसा नहीं होने वाली बात बाद में जोड़ी गई है।

बड़ी और गठबंधन की केंद्रीय पार्टी होने के नाते यह कांग्रेस की जिम्मेदारी बनती थी कि वह सभी पार्टियों को वैचारिक और राजनीतिक रूप से बांध कर रखे। इसके लिए जरूरी था कि पहली या दूसरी बैठक में ही संगठन का ढांचा बनता, संयोजक व अध्यक्ष नियुक्त किए जाते, न्यूनतम साझा कार्यक्रम तय होता और सबसे जरूरी सीटों का बंटवारा होता। ध्यान रहे नीतीश कुमार और ममता बनर्जी दोनों ने एक सितंबर को मुंबई में हुई बैठक में सीट बंटवारे पर जोर दिया था और 31 अक्टूबर तक की अघोषित समयसीमा भी तय की गई थी। नीतीश ने बैठक में कहा था कि गठबंधन में सबसे पेचीदा मामला सीट बंटवारे का है इसलिए पहले उसे निपटाया जाए। लेकिन कांग्रेस ने इस पर चुप्पी साध ली। कांग्रेस की रणनीति यह थी कि साल के अंत में होने वाले पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव तक इसे टाला जाए क्योंकि उसमें कांग्रेस को अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद थी। अगर वह तीन राज्यों में सरकार बना लेती तो मोलभाव की क्षमता बढ़ जाती। तब वह ज्यादा मजबूती से सीटों के लिए मोलभाव करती। लेकिन ऐसा नहीं हो सका। कांग्रेस सिर्फ एक राज्य में जीत पाई।

जब विधानसभा चुनाव के नतीजे आने लगे तब कांग्रेस के हाथ पैर फूले और सारे नतीजे आने से पहले ही कांग्रेस ने विपक्षी पार्टियों को बैठक का न्योता भेजना शुरू कर दिया, जिसे सबने ठुकरा दिया। जाहिर है सबने कांग्रेस की होशियारी भांप ली थी। इसलिए बाद में बैठक के लिए 19 दिसंबर की तारीख तय हुई। लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। ममता बनर्जी ने अकेले लड़ने का मन बना लिया था तो नीतीश कुमार ने गठबंधन बदलने का फैसला कर लिया था। यह सबको पता है कि ज्यादातर प्रादेशिक पार्टियों के नेता इस उम्मीद में गठबंधन से जुड़े थे कि सब मिल कर लड़ेंगे तो भाजपा की सीटें कम कर देंगे और तब इधर या उधर के गठबंधन में बड़ी भूमिका मिल सकता है। त्रिशंकु लोकसभा की स्थिति में सर्वोच्च पद मिलने की भी उम्मीद कई नेता लगाए हुए थे। लेकिन हिंदी पट्टी के तीन राज्यों में भाजपा की जीत और कांग्रेस की हार ने उनका मनोबल तोड़ दिया। पहले गठबंधन फाइनल करने और सीट बंटवारे में हुई देरी से निराशा था और ऊपर से दिसंबर के पहले हफ्ते में आए चुनाव नतीजे ने नेताओं को और निराश किया। भाजपा को टक्कर देने की उम्मीद टूटी तो सब अपने अपने रास्ते तलाशने लगे।

इसलिए किसी एक नेता या एक पार्टी को जिम्मेदार ठहरा कर उसके ऊपर ठीकरा फोड़ने से किसी को कुछ हासिल नहीं होने वाला है। यह सही है कि नीतीश कुमार का विपक्षी गठबंधन छोड़ कर भाजपा में जाना एक बड़ा झटका है। लेकिन कांग्रेस की भूमिका पर भी चर्चा होनी चाहिए, जिसने पहले दिन से गठबंधन को खुले दिल से नहीं अपनाया था। लेफ्ट पार्टियों की भी भूमिका की समीक्षा होनी चाहिए, जिनको भाजपा को हराने के लिए वैचारिक प्रतिबद्धता व समर्पण सबसे चाहिए लेकिन अपने असर वाले राज्य में किसी से समझौता मंजूर नहीं है और न किसी खास नेता के प्रति अपनी निजी खुन्नस छोड़नी है। ममता बनर्जी और अरविंद केजरीवाल ने गठबंधन के अंदर रह कर जैसी राजनीति की उस पर भी बात होनी चाहिए। ममता ने बैठक में अचानक खड़गे का नाम प्रधानमंत्री पद के लिए क्यों सुझाया और क्यों केजरीवाल ने उसका समर्थन किया, इसकी व्याख्या होगी तब पता चलेगा कि कैसे गठबंधन के अंदर गठबंधन कैसे काम कर रहा था, जिसने एकजुट होकर भाजपा से लड़ने की संभावनाओं को कमजोर किया। सपा के साथ तो कांग्रेस ने कुछ मसला निपटाया है लेकिन शिव सेना के उद्धव ठाकरे गुट का मामला अब भी उलझा है। सो, ऐसा लग रहा है कि भानुपति का कुनबा जोड़ने की कोशिश हुई थी, जिसमें वक्ती तौर पर कामयाबी मिली थी लेकिन वह कामयाबी टिकाऊ साबित नहीं हुई। एकाध नई पार्टियों को छोड़ दें तो कुल मिला कर कांग्रेस के पास वहीं पुरानी यूपीए वाली पार्टियां बची हैं, जिनके साथ मिल कर उसे चुनाव लड़ना होगा।

# भाजपा के लिए क्यों जरूरी हो गए नीतीश

//अजीत द्विवेदी//

**बिहार में गठबंधन बदल का लगभग पूरी तरह से एकपक्षीय विश्लेषण किया जा रहा है। मीडिया में सिर्फ इस बात की चर्चा है कि नीतीश कुमार बेहद अविश्वनीय नेता हैं और उनका कोई वैचारिक आधार नहीं है। उनके बरक्स लालू प्रसाद और उनके बेटे तेजस्वी यादव की राजनीति को बेहतर और परिपक्व बताया जा रहा है। यह भी कहा जा रहा है कि नीतीश की राजनीति सिर्फ मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बने रहने के लिए होती है। यह व्याख्या पिछले कुछ बरसों के राजनीतिक घटनाक्रम पर आधारित है और एक हद तक सही है। लेकिन इस एकपक्षीय व्याख्या से पूरी तस्वीर साफ नहीं होती है।**

बिहार में जितनी बार गठबंधन में बदलाव होता है और नई सरकार बनती है उतनी बार नीतीश कुमार के साथ एक दूसरी पार्टी भी शामिल होती है। अगर नीतीश वैचारिक और राजनीतिक रूप से बेईमान हैं तो उनके साथ सरकार बनाने वाली दूसरी पार्टियां कैसे ईमानदार और उनके मुकाबले बेहतर मानी जा सकती हैं? आज अगर राजद और कांग्रेस को छोड़ कर नीतीश ने भाजपा के साथ सरकार बनाई है तो इस पूरे घटनाक्रम का विश्लेषण भाजपा की राजनीतिक मजबूरी के नजरिए से भी की जानी चाहिए। भाजपा को लग रहा था कि अगर 2024 की उसकी संभावनाओं को कहीं से नुकसान हो सकता है तो वह बिहार है और नुकसान पहुंचा सकने की हैसियत वाले नेता नीतीश कुमार हैं। इसलिए उसने राजद और जदयू के बीच के विवाद को भांप कर नीतीश के साथ फिर तालमेल के लिए कदम बढ़ाया।

ध्यान रहे नीतीश कुमार की सत्ता को अभी तत्काल कोई चुनौती नहीं थी। यह सही है कि लालू प्रसाद और उनके कुनबे ने और साथ ही उनकी पार्टी ने कई तरह से नीतीश कुमार पर इस बात का दबाव बनाया था कि वे तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनवा दें लेकिन अगर नीतीश नहीं बनवाते तो इस बात की संभावना शून्य थी कि राजद समर्थन वापस लेकर उनकी सरकार गिरा देती। सो, नीतीश की सत्ता के सामने चुनौती नहीं थी। यह अंदाजा भी सबको था कि राजद, जदयू, कांग्रेस और वामपंथी पार्टियों का महागठबंधन एकजुट रहा और साथ मिल कर चुनाव लड़ा तो बिहार में भाजपा के लिए बड़ी चुनौती होगी। सी वोटर के चुनाव पूर्व सर्वेक्षण में बताया गया था कि राज्य की 40 में से आधी से ज्यादा लोकसभा सीटें महागठबंधन के खाते में जाएंगी। सोचें, पिछली बार जदयू के साथ होने से एनडीए को 39 सीटें मिली थीं। राजद को शून्य और कांग्रेस को एक सीट मिली थी। इस बार नीतीश के उधर जाने से चुनावी पलड़ा उनके पक्ष में झुक रहा था। भाजपा के एक और आंतरिक सर्वेक्षण की खबरें सामने आ रही हैं, जिसके मुताबिक बिहार में अत्यंत पिछड़ी जातियों का समर्थन नीतीश कुमार के प्रति कायम है। इसके अलावा गैर यादव पिछड़ी जातियों का भी बड़ा हिस्सा नीतीश के साथ है। बिहार में हुई जाति गणना और उस आधार पर आरक्षण की सीमा बढ़ाने से पिछड़े और अति पिछड़े मतदाताओं में नीतीश की साख और बेहतर होने की खबर है तो लाखों की संख्या में शिक्षकों की बहाली का श्रेय भी नीतीश को मिल रहा है। तभी भाजपा लोकसभा चुनाव की संभावनाओं को लेकर चिंता में आई। दूसरे, नीतीश विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के भीतर सबसे प्रमुख चेहरों में से एक थे और उन्होंने विपक्षी पार्टियों को एकजुट किया था। तभी भाजपा को लग रहा था कि अगर नीतीश फिर से उसके साथ आते हैं तो एक तीर से दो शिकार होगा। पहले तो विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' का अभियान पंक्चर होगा और वह भी तब जब राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा बिहार पहुंचने वाली है और दूसरे, बिहार में भाजपा का रेनबो समीकरण बहुत मजबूत हो जाएगा। ध्यान रहे भाजपा के साथ चिराग पासवान और जीतन राम मांझी पहले से हैं। यानी दलित और महादलित दोनों के सबसे महत्वपूर्ण नेता भाजपा के साथ हैं। दलित और महादलित के अलावा नीतीश के साथ आने से गैर यादव पिछड़ी जातियां मतलब कोईरी, कुर्मी और धानुक का आठ फीसदी वोट पूरी तरह से भाजपा के साथ आएगा और साथ ही अति पिछड़ी जातियां पूरी तरह से भाजपा गठबंधन के साथ एकजुट होंगी। नीतीश ने लालू प्रसाद के खिलाफ अपनी राजनीति लव-कुश समीकरण से शुरू की थी, जिसमें कुशवाहा नेता के तौर पर शकुनी चौधरी उनके साथ थे। अब शकुनी चौधरी के बेटे सम्राट चौधरी को भाजपा ने नीतीश की सरकार में उप मुख्यमंत्री बनवाया है। वे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भी हैं। खुद नीतीश कुर्मी और धानुक पर पूरा असर रखते हैं। उनके साथ आने से पिछड़ी जाति के 27 फीसदी वोट में 14 फीसदी यादव छोड़ कर बाकी वोट एनडीए के साथ एकजुट हो सकता है। जाति गणना के मुताबिक बिहार में 36 फीसदी अति पिछड़ी जातियां हैं, जिनमें आठ फीसदी के करीब मुस्लिम हैं। भाजपा की वजह से उसे अलग भी कर दें तो बचे हुए 28 फीसदी वोट में एनडीए को चुनौती नहीं रह जाएगी। सीएसडीएस के सर्वेक्षण के मुताबिक 2014 में जब भाजपा अकेले लड़ी थी तब 52 फीसदी अति पिछड़ा वोट उसको मिला था और 2019 में जदयू के साथ लड़ी तो 75 फीसदी अति पिछड़ा वोट एनडीए को मिला। इस तरह नीतीश के साथ आने से गैर यादव पिछड़ा वोट का बड़ा हिस्सा और अति पिछड़ा वोट का लगभग समूचा हिस्सा एनडीए की ओर जा सकता है। भाजपा ने अगड़ी जाति के विजय सिन्हा को दूसरा उप मुख्यमंत्री बना कर अपने उस कोर वोट को भी स्पष्ट मैसेज दिया है।

अगर राजनीति का मकसद सत्ता हासिल करना है तो उस नजरिए से ही बिहार के घटनाक्रम की व्याख्या होनी चाहिए। यह सिर्फ नीतीश के सत्ता मोह की बात नहीं है, यह समान रूप से लालू प्रसाद के परिवार और नरेंद्र मोदी के भी सत्ता मोह की बात है। नीतीश पर निशाना साधने से पहले इस पहलू से भी देखने की जरुरत है। सोचें, नीतीश ने 1994 से लालू विरोध की राजनीति शुरू की और उनके व उनकी पत्नी के शासन को जंगल राज बता कर लड़ाई लड़ी। तभी दो दशक से ज्यादा की लड़ाई के बाद जब नीतीश ने 2015 में राजद से तालमेल किया तो क्या अवसरवादी सिर्फ नीतीश हुए? या लालू प्रसाद भी उतने ही अवसरवादी माने जाएंगे? फिर नीतीश ने 2017 में राजद को छोड़ दिया और भाजपा में चले गए तो लालू और उनके परिवार ने नीतीश को 'पलटू' की संज्ञा दी और उनके बारे अनान-शनाप बातें कहीं। लेकिन फिर अगस्त 2022 में नीतीश वापस राजद के साथ आए तो लालू का पूरा परिवार फिर उनके चरणों में था! यही कहानी दूसरी तरफ की भी है। नीतीश ने 2013 में भाजपा को छोड़ा, फिर 2017 में साथ लौटे, फिर 2022 में छोड़ा और अब 2024 में वापस लौटे हैं। हर बार साथ छोड़ने पर भाजपा नेताओं ने उनकी आलोचना की और साथ आने पर महान बताया। तो इससे भाजपा का भी चरित्र सामने आता है। कह सकते हैं कि नीतीश ने राजद और भाजपा दोनों के चरित्र को एक नहीं कई बार उजागर किया है। एक और अहम बात यह है कि बिहार में जो कुछ भी हो रहा है या नीतीश कुमार जो कुछ भी कर रहे हैं वह असल में भारतीय राजनीति का चरित्र है। भारत की राजनीति सिर्फ और सिर्फ सत्ता के लिए है। उसमें विचारधारा या नैतिकता का कोई मतलब नहीं होता है।

## इस बार प्रहसन में!

मतदाता भी बार-बार ठगे जाने के कारण ऐसी घटनाओं पर नाराज नहीं होते- बल्कि उनमें कौतुक और संबंधित घटनाओं से अपना मनोरंजन कर लेने का भाव जगता है। बिहार की ताजा घटना ने फिलहाल उनका पूरा मनोरंजन किया है। एक बहुचर्चित कथन है कि इतिहास अपने को दोहराता है, लेकिन पहली बार ट्रेजेडी में और दूसरी बार प्रहसन के रूप में। इसका अर्थ यह है कि इतिहास की महत्त्वपूर्ण घटनाओं से जब लोग सबक नहीं लेते, तो उन्हें दोबारा वैसी ही त्रासदी का सामना करना पड़ता है। इसके बावजूद लोग सीख नहीं लेते, तो फिर वैसी घटनाएं प्रहसन के रूप में दोहराई जाती हैं, क्योंकि तब लोग सबक ना सीखने की अपनी भूल के कारण सहानुभूति के नहीं, बल्कि तरस के पात्र बन जाते हैं। बिहार के विभिन्न राजनीतिक दलों ने- जब खुद को छला गया महसूस किया, तब उन्होंने नीतीश कुमार को पलटू राम का नाम दिया। लेकिन जब नीतीश प्रतिद्वंद्वी दल को छल कर साथ आ मिलते हैं, तो उन्हें गले लगाने में वे पार्टियां पूरा उत्साह दिखाती रही हैं। इसलिए बिहार में हुए ताजा घटनाक्रम को एक प्रहसन के रूप में देखा जाएगा। इससे संभव है कि लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को अपना जातीय समीकरण बनाने में सहायता मिले, लेकिन जिस नेता के लिए सारे दरवाजे बंद हो गए थे, उसे फिर से राज्य में अपने गठबंधन का नेता मान कर पार्टी ने अपनी साख को क्षीण किया है।

## तस्वीरों की दुनिया



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण नई दिल्ली में अपने नॉर्थ ब्लॉक कार्यालय में अंतरिम बजट 2024 की प्रस्तुति से एक दिन पहले राज्य मंत्री पंकज चौधरी और भागवत कराड और अधिकारियों की टीम के साथ।



चंडीगढ़ मेयर चुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद आम आदमी पार्टी और कांग्रेस पार्षदों ने चंडीगढ़ में विरोध प्रदर्शन किया।



वाराणसी में जिला अदालत द्वारा एक पुजारी के परिवार को ज्ञानवापी मस्जिद के तहखाने में हिंदू देवताओं की पूजा करने का अधिकार दिए जाने के बाद हिंदू संगठनों का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील विष्णु शंकर जैन और अन्य लोगों ने प्रतिक्रिया व्यक्त की।



बिहार के कटिहार में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान समर्थकों के साथ कांग्रेस नेता राहुल गांधी।



नई दिल्ली में संसद के बजट सत्र के पहले दिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नई दिल्ली में बजट सत्र के उद्घाटन के दिन संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करती हुईं।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई दिल्ली में संसद के बजट सत्र के पहले दिन मीडिया को संबोधित करते हुए। साथ में केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी, अर्जुन राम मेघवाल, जितेंद्र सिंह और वी. मुरलीधरन भी नजर आ रहे हैं।

# दिल्ली-एनसीआर में बारिश से गिरा तापमान, मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के लिए जारी किया येलो अलर्ट

**नईदिल्ली, 01 फरवरी [एजेंसी]।**



तेज हवा के साथ हुई वर्षा ने बुधवार को एक बार फिर राजधानी के मौसम का मिजाज बदल दिया। बढ़ते तापमान पर तो रोक लगी ही, चार डिग्री की गिरावट भी देखने को मिली। दिनभर बादल छाए रहने और वर्षा होने से ठिठुरन का एहसास भी बढ़ गया। बृहस्पतिवार को भी हल्की वर्षा का यह दौर जारी रह सकता है। मौसम विभाग ने दो दिन के लिए वर्षा और कोहरे का यलो अलर्ट जारी किया है।आईएमडी ने बताया कि दिल्ली एनसीआर में कई स्थानों पर हल्की वर्षा हो रही है। मौसम विभाग ने बताया कि एक पैच रोहतक और झज्जर से दिल्ली की ओर बढ़ रहा है। जिस वजह से अगले दो-तीन घंटों तेज हवा के साथ बारिश हो सकती है। साथ ही बिजली गिरने की भी संभावना जताई गई है। इसके साथ ही दिल्ली के विभिन्न इलाकों में रात भर हल्की-हल्की बारिश हुई और ये दौर सुबह तक जारी रही। मंगलवार की तरह बुधवार को भी दिन की शुरुआत घने कोहरे के साथ हुई। आईजीआई एयरपोर्ट पर तो सुबह साढ़े पांच बजे से कई घंटों तक दृश्यता का स्तर शून्य बना रहा। इसका असर विमान सेवा और ट्रेनों पर भी पड़ा। 52 अंतरराष्ट्रीय उड़ानों समेत 287 उड़ानों में विलंब देखा गया। वहीं 100 से अधिक ट्रेनें देरी से दिल्ली पहुंची और 20 के प्रस्थान समय में बदलाव करना पड़ा। मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार, बादल तो दिन भर छाए ही रहे। बहुत थोड़े समय के लिए हल्की धूप निकली। एक बजे के बाद फिर बादल घने होने लगे। दोपहर डेढ़ बजे के आसपास तेज हवा के साथ हल्की वर्षा शुरू हो गई। वर्षा का यह दौर रुक रुककर देर शाम तक जारी रहा। कहीं हल्की तो कहीं तेज वर्षा हुई। शाम साढ़े पांच बजे तक दिल्ली में 8.5 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि दिसंबर के बाद जनवरी का पूरा महीना भी अभी तक सूखा ही बीता था। पश्चिमी विक्षोभ के असर से माह के अंतिम दिन वर्षा हुई लेकिन तब भी यह सामान्य से काफी कम है। मालूम हो कि माह की सामान्य वर्षा 19.5 मिमी है।दिल्ली का अधिकतम तापमान 18.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जो सामान्य से चार डिग्री कम है। न्यूनतम तापमान 7.3 डिग्री सेल्सियस रहा जो कि सामान्य से एक डिग्री कम है। हवा में नमी का स्तर 100 से 87 प्रतिशत तक रहा।राजधानी का जाफरपुर सबसे ज्यादा ठंडा रहा।

यहां का अधिकतम तापमान सिर्फ 13.9 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया, जो सामान्य से आठ डिग्री कम है। पीतमपुरा में अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान का अंतर बहुत ही कम रहा। यहां का अधिकतम तापमान 15. 8 डिग्री सेल्सियस था जबकि, न्यूनतम तापमान 12.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।मौसम विभाग का अनुमान है कि बृहस्पतिवार की सुबह दिल्ली के ज्यादातर इलाकों में घने कोहरा देखने को मिलेगा। दिन में हल्की वर्षा होने की भी संभावना है। अधिकतम तापमान 19 और न्यूनतम आठ डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। हवा की गति 18 से 24 किमी प्रति घंटे तक की हो सकती है। शुक्रवार की सुबह भी घना कोहरा देखने को मिल सकता है। इसी के चलते मौसम विभाग ने दो दिनों का यलो अलर्ट जारी किया है।

# हेमंत सोरेन की भावुक अपील, विधायकों को पत्र लिखकर बोले- मेरे माता-पिता का रखें ख्याल



**रांची, 01 फरवरी [एजेंसी]।**

रांची। हेमंत सोरेन ने गिरफ्तारी के पूर्व बुधवार को समर्थक विधायकों के नाम मार्मिक अपील जारी की। उन्होंने आग्रह किया है कि उनकी अनुपस्थिति में उनके माता-पिता का ख्याल रखा जाए, क्योंकि वह बीमार हैं। साथ ही लिखा है कि मेरे छोटे भाई पर स्नेह बनाए रखें।विधायकों को संबोधित पत्र में उन्होंने उल्लेख किया है कि आप अवगत हैं कि 30 जनवरी को पार्टी विधायक दल की बैठक में सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया गया था कि किसी विपरीत परिस्थिति में अगर मुझे नेता विधायक दल का अपना पद छोड़ना पडा तो उस परिस्थिति में विधायक दल के नए नेता का चयन मेरे द्वारा किया जाएगा, जो सर्वमान्य होगा।

उपरोक्त प्रस्ताव पर सभी गठबंधन दल के विधायकों की बैठक में भी सहमति जताई गई थी। उधर, रात 11.08 बजे हेमंत सोरेन के एक्स हैंडल से एक कविता भी पोस्ट की गई, जिसमें हमेशा संघर्षरत रहने और हार नहीं मानने की बात कही गई है।

### देर रात खोला गया व्यास जी का तहखाना DM की मौजूदगी में छावनी बना ज्ञानवापी

**वाराणसी।** जिला अदालत की ओर से ज्ञानवापी में व्यास जी के तहखाने में नियमित पूजन-अर्चन की बुधवार को अनुमति के बाद देर रात बैरिकेडिंग से रास्ता बनाते हुए व्यास जी का तहखाना खोल दिया गया। इसके लिए डीएम एस. राजलिंगम व पुलिस कमिश्नर अशोक मुथा जैन समेत पुलिस-प्रशासन के अधिकारी विश्वनाथ धाम-ज्ञानवापी क्षेत्र में डटे रहे। रात 1.50 बजे परिसर से बाहर निकले जिलाधिकारी ने कहा कि न्यायालय के आदेश का अनुपालन किया गया है। जिला जज अजय कृष्ण विश्वेश ने दोपहर में सुनवाई के दौरान ज्ञानवापी में व्यास जी के तहखाने में विग्रहों की नियमित राग-भोग, पूजा-अर्चना की अनुमति दी। वादी और काशी विश्वनाथ ट्रस्ट बोर्ड को तहखाने में स्थित मूर्तियों का नाम निर्दिष्ट पुजारी से पूजा, राग-भोग कराने का निर्देश दिया।

साथ ही डीएम को सात दिन में लोहे की बाड़ आदि में उचित प्रबंध करने को कहा।इसके बाद से पुलिस ने सक्रियता बढ़ा दी। विश्वनाथ मंदिर-ज्ञानवापी क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ाने के साथ शहर में पूरी रात थानेदारों ने खुद दलबल समेत चक्रमण की जिम्मेदारी संभाली।

## पाकिस्तानी और ईरानी दल ने सुनाए भारतीय नौसेना के जाबांजों के किस्से, समुद्री लुटेरों से बचाने के लिए दिया धन्यवाद

**नईदिल्ली, 01 फरवरी [एजेंसी]।**

पाकिस्तानी और ईरानी चालक दल ने पिछले दिनों में समुद्र में सोमालियाई लुटेरों से उन्हें बचाने के लिए भारतीय नौसेना को धन्यवाद दिया है। हाल ही में भारतीय नौसेना ने समुद्री लुटेरो के खिलाफ अभियान चलाया था, जिसमें उन्होंने हाईजैक जहाज और उसपर सवार लोगों की जान बचाई थी। नौसेना ने इसका वीडियो भी शेयर किया है।समुद्री लुटेरों से बचाए गए पाकिस्तानी और ईरानी दल के सदस्यों ने भारतीय नौसेना की बहादुरी के किस्से सुनाए। उन्होंने बताया कि कैसे भारतीय नौसेना को देखकर समुद्री डाकुओं ने अपने हथियार फेंक दिए।बता दें कि समुद्री लुटेरों के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन में भारतीय नौसेना के युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा ने गोले दागे। इसका वीडियो भी शेयर किया गया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भारतीय नौसेना द्वारा शेयर किए गए वीडियो में समुद्री लुटेरे दिखाए दे रहे हैं।हमें सोमाली समुद्री लुटेरों ने पकड़ लिया था। तभी भारतीय नौसेना आए, जिसे देख सोमाली समुद्री डाकू डर गए। हमारी जान बचाने के लिए भारतीय नौसेना को धन्यवाद।इधर, भारतीय नौसेना के प्रवक्ता ने कहा कि भारतीय नौसेना हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

## महाराष्ट्र के छह पुलिसकर्मियों पर तीन लोगों को अवैध हिरासत में लेने का आरोप, सुप्रीमकोर्ट ने लगाया 12 लाख रुपये का जुर्माना



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र के छह पुलिसकर्मियों पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। पुलिसकर्मियों पर न्यायिक आदेश के बिना तीन लोगों को अवैध हिरासत में लेने व उनके किराये के परिसरों को ध्वस्त करने का आरोप है। जलगांव के छह पुलिसकर्मियों ने विजयकुमार विश्वनाथ धावले और विनोद दोधू चौधरी समेत तीन किरायेदारों को नौ मार्च 2022 को थाने बुलाया और 24 घंटे के लिए हिरासत में रखा। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने 30 जनवरी को दिए आदेश में कहा कि इस बीच बंदियों के किराये के परिसरों को पूर्व मालिक के रिश्तेदारों ने ध्वस्त कर दिया और किरायेदारों को परिसर खाली करने की सहमति देने के लिए कुछ दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर किया गया। पीठ ने इस तथ्य पर ध्यान दिया कि संपत्ति के बाद के खरीदारों ने बेदखल किरायेदारों में से प्रत्येक को 10 लाख रुपये का भुगतान किया था। इससे किरायेदारों, पूर्व मालिकों और छह पुलिसकर्मियों सहित 13 आरोपितों के बीच विवाद का निपटारा हुआ।शीर्ष अदालत ने किराये के संपत्ति को ध्वस्त करने व किरायेदारों, पूर्व मालिकों व साजिशकर्ता पुलिसकर्मियों के बीच आपराधिक मामलों की सुनवाई बंद करने का निर्णय लिया, लेकिन पुलिसकर्मियों के कृत्य के लिए उन पर दोनों शिकायतकर्ताओं को छह-छह लाख रुपये देने का निर्देश दिया।

## नतीजों को लेकर कल दिल्ली में बड़ा प्रदर्शन करेगी आप पार्टी, केजरीवाल समेत भगवंत मान भी होंगे शामिल



**चंडीगढ़ 01 फरवरी।** आम आदमी पार्टी शुक्रवार को दिल्ली में बड़ा प्रदर्शन करेगी इस प्रदर्शन में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान शामिल होंगे। प्रदर्शन भाजपा मुख्यालय पर किया जाएगा। आप की ओर से यह प्रदर्शन चंडीगढ़ में भाजपा की ओर फर्जी तरीके से मेयर बनाने के विरोध में किया जा रहा है। हाल ही में हुए चंडीगढ़ मेयर चुनाव में आप-कांग्रेस गठबंधन सबसे अधिक पार्षद होने के बावजूद चुनाव हार गया। चंडीगढ़ मेयर चुनाव के नतीजों के बाद कांग्रेस और आप पार्षदों ने भी पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह पर धांधली करने और उचित चुनाव प्रक्रिया का पालन नहीं करने का आरोप लगाया है। मामला हाई कोर्ट भी पहुंचा, जिसकी सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने चंडीगढ़ नगर निगम और प्रशासन से तीन हफ्ते के भीतर जवाब मांगा है।

# कलयुगी पिता ने 8 साल की मासूम का गला रेत मरा समझकर झाड़ियों में फेंका, होश आने पर सड़क पर निकल आई और बच गई जान

**भोपाल, 01 फरवरी [एजेंसी]।**

भोपाल में एक कलयुगी पिता ने अपनी 8 साल की बेटी का गला रेत कर जान से मारने का प्रयास किया। मासूम को मरा समझकर उसे झाड़ियों में फेंक दिया। लेकिन बच्ची की जान बच गई और जब उसे होश आया तो वह खून से लथपथ सड़क पर आई और राहगीरों से मदद मांगी, जिसके बाद राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के कोह-ए-फिजा इलाके में मंगलवार को पुलिस को व्यक्ति के इस अमानवीय कृत्य की सूचना मिली। सूचना मिलते ही बच्ची को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस के अनुसार, नाबालिग लड़की सैफिया कॉलेज के पास मिली थी।



घटना के बाद जब नाबालिग को होश आया तो वह झाड़ियों से बाहर आई और राहगीरों से मदद मांगी।पुलिस उपायुक्त रियाज इकबाल ने बताया कि उसके पिता तेज सिंह लोधी उसे अपने बड़े पिता के घर जाने के लिए कहकर अपने साथ ले गए। आरोपी ने सैफिया कॉलेज के पास सुनसान इलाके में लड़की का गला काट दिया और उसे झाड़ियों में फेंक दिया। आरोपी को लगा कि नाबालिग मर जाएगी, लेकिन होश आते ही लड़की झाड़ियों से निकलकर सड़क पर आ गई।डीसीपी ने कहा, नाबालिग खून से लथपथ थी और वह मदद मांग रही थी। जैसे ही पुलिस को घटना की जानकारी मिली, वे मौके पर पहुंचे और लड़की को हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया। उन्होंने आगे बताया कि मामले में केस दर्ज कर लिया गया है और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी तेज सिंह लोधी एक टेंट हाउस की दुकान पर काम करता है और शहर के टीला जमालपुरा इलाके में किराए के मकान में रहता है। वह मूलतः सागर का रहने वाला है। नाबालिग लोधी की पहली पत्नी की बेटी है जिसका निधन हो चुका है। लोधी यहां अपनी दूसरी पत्नी के साथ रहते हैं जिनसे उनका एक लड़का है।

## झारखंड बनने के बाद सिर्फ रघुवर दास ही पूरा कर पाए कार्यकाल, चार साल के बाद ही हेमंत को देना पड़ा इस्तीफा



**रांची, 01 फरवरी [एजेंसी]।**

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के साथ ही राज्य में बहुमत से सरकार बनने के बावजूद कार्यकाल पूरा नहीं करने वाले मुख्यमंत्रियों में इनका नाम भी शामिल हो गया है। झारखंड में अब तक एक ही मुख्यमंत्री रघुवर दास ने अपना कार्यकाल पूरा किया है। रघुवर की सरकार में भाजपा को बहुमत हासिल हुआ था और इसके बाद हुए चुनाव में झामुमो, राजद और कांग्रेस के गठबंधन को बहुमत मिला जिसके नेता के तौर पर हेमंत सोरेन को चुना गया।इसी के साथ हेमंत का कार्यकाल शुरू हुआ और चार साल तक हिचकोले खाते हुए सरकार आगे बढ़ती रही। बड़े बहुमत के बावजूद हेमंत की सरकार पांच साल का कार्यकाल पूरा नहीं कर पाई। बुधवार को हेमंत सोरेन के इस्तीफे के बाद चम्पाई सोरेन को नया नेता चुन लिया है।झारखंड में मुख्यमंत्री के तौर पर हेमंत सोरेन की यह दूसरी पारी थी। इसके पूर्व भी वह लगभग डेढ़ साल तक झारखंड के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। अलग-अलग टर्म को जोड़कर देखा जाए तो मुख्यमंत्री के रूप में सर्वाधिक कार्यकाल अर्जुन मुंडा का रहा है।वह अलग-अलग समय में तीन बार झारखंड के मुख्यमंत्री रहे हैं। इसके अलावा शिबू सोरेन भी तीन बार मुख्यमंत्री रहे हैं, हालांकि उनका कार्यकाल कम ही रहा है।

## भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा की रैली के लिए जोरावर में तैयारियां जोरों पर

**तीन फरवरी को हजारों की संख्या में जुटेंगे लोग और कार्यकर्ता**



धर्मशाला/भवारना। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के धर्मशाला दौरे और तीन फरवरी को जोरावर स्टेडियम में होने वाली रैली की तैयारियां जोरों पर हैं। मंगलवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल सहित अन्य भाजपा नेताओं ने यहां पर तैयारियों का जायजा लिया था। बुधवार को भाजपा एसटी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनिल ढकोक, भाजपा के प्रदेश सचिव विशाल चौहान व जिला भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष तपन मिन्हास जोरावर स्टेडियम पहुंचे और तैयारियों का जायजा लिया। बुधवार को वर्षा के बावजूद भाजपा नेता व कार्यकर्ता यहां जुटे रहे। कार्यक्रम में 15 से 20 हजार कार्यकर्ताओं को लाने का लक्ष्य रखा गया है।वहीं ननाओं में सुलह भाजपा मंडल कार्यकारिणी की जेपी नड्डा के कांगड़ा प्रवास को लेकर बैठक हुई। इसमें सुलह भाजपा के सदस्यों ने रणनीति बनाई। बैठक में विधायक एवं कांगड़ा संसदीय क्षेत्र प्रभारी विपिन सिंह परमार भी उपस्थित रहे।परमार ने कहा कि तीन फरवरी को होने वाली रैली में सुलह से हजारों कार्यकर्ता व लोग शामिल होंगे। परमार ने कहा कि कांग्रेस का एक वर्ष का कार्यकाल निराशाजनक रहा है। कांग्रेस की झूठी गारंटियों से आम जनता का मोह भंग हो गया है। दावा किया कि लोकसभा चुनाव में भाजपा चारों सीटें जीतने जा रही है। इस मौके पर सुलह भाजपा मंडल के अध्यक्ष कप्तान देशराज, महामंत्री चंद्रवीर कटोच, हंसराज, सभी जोन के प्रभारी, ग्राम केंद्र अध्यक्ष व मोर्चा के अध्यक्ष शामिल रहे।

# घाट के साथ गंगा-यमुना को चमकाने की तैयारी नमामि गंगे में उत्तराखंड को 75 करोड़ मिलने की आस

**देहरादून।** राष्ट्रीय नदी गंगा की स्वच्छता एवं निर्मलता के उद्देश्य से संचालित नेशनल मिशन फार क्लीन गंगा (एनएमसीजी) के नमामि गंगे कार्यक्रम में गंगा की सहायक नदियों को भी आच्छादित कराने पर राज्य सरकार ने ध्यान केंद्रित किया है।इसी कड़ी में राज्य की ओर से टनकपुर-बनवसा के बीच शारदा नदी पर रिवर फ्रंट डेवपलमेंट समेत अन्य योजनाओं के लिए 75 करोड़ रुपये के प्रस्ताव एनएमसीजी को भेजे गए हैं। अपर सचिव एवं राज्य में नमामि गंगे कार्यक्रम के कार्यक्रम निदेशक रणवीर सिंह चौहान ने इसकी पुष्टि की। उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द ही इन प्रस्तावों को स्वीकृति मिल जाएगी। राष्ट्रीय नदी गंगा का उद्गम होने के कारण स्वाभाविक तौर पर उत्तराखंड को नमामि गंगे कार्यक्रम में लिया गया है। प्रथम चरण में इसके अंतर्गत गंगा के उद्गम गोमुख से लेकर हरिद्वार तक गंगा से सटे 15 नगरों को लिया गया। नमामि गंगे में इन शहरों में एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) और गंगा में गिर रहे गंदे नालों की टैपिंग के कार्य किए गए। ये अब पूर्ण हो चुके हैं। इसके सार्थक परिणाम भी नजर आए हैं। उत्तराखंड पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार गोमुख से लेकर ऋषिकेश तक गंगा के जल की गुणवत्ता उत्तम है, जबकि ऋषिकेश से हरिद्वार के बीच भी गुणवत्ता में सुधार हुआ है। इस सबको देखते हुए सरकार ने गंगा की सहायक नदियों को भी नमामि गंगे कार्यक्रम में शामिल कराने की दिशा में प्रयास किए। फलस्वरूप, देहरादून की रिस्पना व बिंदाल के साथ ही ऊधम सिंह नगर जिले के छह स्थानों को इसमें शामिल किया गया। हाल में राज्य परियोजना प्रबंधन समूह (नमामि गंगे) की ओर से कई प्रस्ताव एनएमसीजी को भेजे गए। इनमें सबसे महत्वपूर्ण शारदा नदी पर टनकपुर-बनवसा के मध्य रिवर फ्रंट डेवपलमेंट की योजना है।

इसके लिए 56 करोड़ की डीपीआर तैयार की गई है।इसके अलावा हल्द्वानी के रानीबाग में गौलापार के चित्रशिला घाट और देहरादून के कालसी में हरिपुर में यमुना नदी पर घाट निर्माण को 7.5-7.5 करोड़ और पौड़ी जिले में श्रीनगर के नजदीक धारी देवी मंदिर के पास अलकनंदा नदी पर घाट निर्माण को चार करोड़ की योजना का प्रस्ताव भी इनमें शामिल हैं।

# सीएम योगी से मुलाकात पर बसपा स्वक्कसंगीता आजाद के BJP में शामिल होने की अटकलें तेज, हारी सीटों पर दांव खेलेगी भाजपा



**लखनऊ, 01 फरवरी [एजेंसी]।**

लोकसभा चुनाव को लेकर उत्तर प्रदेश में तेज होती सियासी गतिविधियों के बीच बसपा सांसद संगीता आजाद ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को मुलाकात की। यूपी की लालगंज सीट से सांसद संगीता आजाद की मुख्यमंत्री से मुलाकात के सियासी मायने निकाले जा रहे हैं। करीब एक माह पूर्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ भी उनकी तस्वीर सामने आई थी। हालांकि मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से शेयर की गई तस्वीर में इस मुलाकात को शिष्टाचार भेंट बताया गया है। मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात के दौरान बसपा सांसद के साथ उनके पति अरिमर्दन भी मौजूद थे। कयास लगाए जा रहे हैं कि संगीता आजाद अपने पति के साथ बसपा छोड़कर भाजपा में शामिल हो सकती हैं।लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत भाजपा ने विपक्षी दलों में सेंध लगाने का अभियान चलाने की योजना भी बनाई है। पार्टी ने उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की अध्यक्षता में इसके लिए प्रदेश स्तर पर कमेटी भी गठित कर दी है। आजमगढ़ की लालगंज सीट प्रदेश में भाजपा की 14 हारी हुई लोकसभा सीटों में से एक है। हारी सीटें जीतने के लिए भाजपा हर तरह से गोटियां बिछा रही है।संगीता आजाद की योगी और मोदी से हुई मुलाकातों को इसी संदर्भ में देखा जा रहा है।

माना जा रहा है कि भाजपा हारी सीटों पर इसी माह प्रत्याशी घोषित कर देगी। भाजपा के सूत्रों का कहना है कि विपक्षी दलों के कई वरिष्ठ नेता उसके संपर्क में हैं। संगीता आजाद पिछले लोकसभा चुनाव में सपा-बसपा गठबंधन के अंतर्गत लालगंज से बसपा प्रत्याशी थीं। संगीता के श्वसुर गांधी आजाद बसपा के संस्थापक सदस्य रहे हैं। संगीता के पति भी बसपा सांसद रहे हैं।

# भ्रष्टाचार से जुड़ी एक महान उपलब्धि सोरेन की गिरफ्तारी पर BJP ने कसा तंज, कांग्रेस बोली- यह संघवाद पर आघात है

**रांची, 01 फरवरी [एजेंसी]।**

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ईडी द्वारा गिरफ्तारी पर तंज कसते हुए भाजपा ने बुधवार को इसे विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए के भ्रष्टाचार में जुड़ी एक और महान उपलब्धि बताया। वहीं, कांग्रेस ने कहा कि ईडी का इस्तेमाल करके सोरेन को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के लिए मजबूर करना संघवाद पर आघात है।झारखंड में घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने एक्स पर पोस्ट में कहा, झारखंड से विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए में भ्रष्टाचार की एक और महान उपलब्धि जुड़ गई है। पूनावाला ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर भी निशाना साधा और कहा, एक वक्त था जब केजरीवाल लालू, सोरेन, सोनिया को गिरफ्तार करने की मांग करते थे। इन दिनों वह इन सभी का बचाव करते हैं क्योंकि वह खुद भी शराब घोटाले (आबकारी नीति घोटाला) के मुख्य साजिशकर्ता हैं। भाजपा के राज्यसभा सदस्य और झारखंड इकाई के पूर्व प्रमुख दीपक प्रकाश ने कहा, झारखंड के लोगों को आज न्याय मिल गया। अपने चार वर्ष के कार्यकाल में हेमंत सोरेन ने झारखंड को लूट-खंड में बदलने की कोशिश की। वह सभी घोटालों- शराब घोटाले, भूमि घोटाले और खनन घोटाले के राजा हैं।उनके समर्थकों ने भी झारखंड को खूब लूटा है।



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पर पोस्ट में कहा, जो मोदी जी के साथ नहीं गया, वो जेल जाएगा। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पीछे ईडी लगाकर उन्हें त्यागपत्र देने को मजबूर करना संघवाद पर आघात है। उन्होंने कहा कि प्रिवेंशन आफ मनी लांड्रिंग (पीएमएलए) के प्रविधानों को दमनकारी बनाकर विपक्ष के नेताओं को डराना-धमकाना भाजपा की टूलकिट का हिस्सा है।उन्होंने आरोप लगाया कि षड्यंत्र के तहत एक-एक करके विपक्ष की सरकारों को अस्थिर करने का भाजपा का काम जारी है। खरगे ने कहा, भाजपा की वाशिंग मशीन में जो चला गया वह सफेदी की चमकार से साफ है, जो नहीं गया वह दागदार है। तानाशाही से लोकतंत्र को अगर बचाना है तो भाजपा को हराना होगा। हम डरेंगे नहीं, संसद से सड़क तक लड़ते रहेंगे।पार्टी नेता राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, ईडी, सीबीआई और आयकर विभाग आदि अब सरकारी एजेंसियां नहीं रहीं, अब यह भाजपा का विपक्ष मिटाओ प्रकोष्ठ बन चुकी हैं।

उन्होंने कहा, खुद भ्रष्टाचार में डूबी भाजपा सत्ता की सनक में लोकतंत्र को तबाह करने का अभियान चला रही है। शिवसेना यूबीटी के नेता संजय राउत ने कहा कि हेमंत सोरेन बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की तरह पलटी नहीं मार पाए और इसीलिए उसकी कीमत चुका रहे हैं। सोरेन की गिरफ्तारी के बाद विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए के घटक दलों के नेताओं ने बुधवार रात कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर एक बैठक की और ताजा हालात पर चर्चा की। बैठक में सोनिया गांधी, माकपा महासचिव सीताराम येचुरी, राकांपा प्रमुख शरद पवार और द्रमुक नेता टीआर बालू समेत कई नेता उपस्थित थे। गौरतलब है कि सोरेन का झारखंड मुक्ति मोर्चा भी आईएनडीआईए का एक घटक है।

# पर्यटन के मानचित्र में कोरिया का झुमका डेम उभरेगा

छत्तीसगढ़ के कोरिया अपनी प्राकृतिक संसाधनों और सौंदर्य के लिए जाने जाते हैं। प्रकृति की गोद मे बसे और हरियाली की चादर से ढंके जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के बेहद नजदीक में एक ऐसा डैम है, जो प्रकृति प्रेमियों की पहली पसंद है। खासतौर पर इस डैम पर सुबह सूरज उगते और शाम होते ही सूरज की लालिमा अति सुन्दर व मनमोहक नजर आती है।

बता दें कोरिया जिले के मुखिया, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की दूरदर्शी सोच इस बात की साक्षी बनने जा रही है कि विशाल झुमका डैम में महोत्सव मनाने की कवायद विगत वर्ष से शुरू की गई थी। इस वर्ष भी दो दिवसीय झुमका जल महोत्सव का आयोजन 1 व 2 फरवरी 2024 को किया जा रहा है।

इस आयोजन के सम्बन्ध में कलेक्टर श्री लंगेह का विचार भी जबरदस्त है। वैसे तो श्री लंगेह मूलतः जन्नत की नगरी के रूप में पूरे जग में प्रसिद्ध जम्मू-कश्मीर से हैं। उनके रग-रग में प्रकृति की सौंदर्य की बोध देखते ही बनती है। उन्होंने बताया कि कश्मीर की तरह कोरिया को भी प्रकृति ने अनेक अमूल्य उपहार दिए हैं, प्राकृतिक संसाधनों से नवाजा है।

इन्हीं सब बातों को ध्यान में रखते हुए जल की महत्ता, प्रकृति की सुंदरता, हरियाली से सराबोर, स्थानीय विकास, रोजगार, पर्यटकों के लिए सुकून की छांव को जन-जन तक इसकी लोकप्रियता को संरक्षित करने के उद्देश्य से और पर्यटन के मानचित्र में इस स्थान को उभारने का एक अभिनव प्रयास है। प्रकृति प्रेमी, जंगल और पहाड़ के नजारे देखकर बेहद रोमांचित होते हैं।



अगर हम आपको कहें कि ऐसा नजारा आपके शहर और प्रदेश में है, तो आपको बेहद आश्चर्य होगा। लेकिन हां कोरिया जिले के बैकुंठपुर में एक ऐसे डैम है, जो प्रकृति प्रेमियों की पहली पसंद बन जाता है।

इस खबर के बाद आपको शहर के नजदीक जंगल, पहाड़, नदी और तालाब की तलाश दूर हो जायेगी। यह स्थल आपको अलग तरह की अनुभूति प्रदान करेगा। यहां हर सुबह-शाम शहरवासी घूमने आते हैं, वहीं सुबह से शाम तक यह स्थल मन को सुकून देने का भी महत्वपूर्ण स्थान भी है! बैकुंठपुर नगर पालिका व कोरिया पैलेस से महज तीन किलोमीटर की दूरी पर झुमका डैम मशहूर है, जो दूर से पहाड़ देखते ही मन कह उठता है, थैक्स गॉड.! इसकी खूबसूरती इतनी है कि हर शाम सनसेट देखने शहरवासी यहां घूमने आते हैं।

जिला प्रशासन द्वारा इस कार्यक्रम के लिए देश के जाने-माने कलाकारों मीत बद्रर्स, बॉलीवुड डांस ग्रुप, निहाल टैरो, नचिकेत लेले, शनमुख प्रिया, अलंकार सूफी बैंड के अलावा स्थानीय कलाकारों को भी अपने हूनर और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपने प्रतिभा दिखाने के लिए मंच दिया गया है।

**प्रतियोगिता का होगा आयोजन**

दो दिवसीय इस आयोजन में गीत, वादन, नृत्य, पेंटिंग स्थानीय प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभा का हूनर दिखाने का भी अवसर दिया गया है। इनमें अभिरुचि रखने वाले कलाकारों से ऑन लाइन प्रविष्टियों भी मंगाई गई थी। ऐसे कलाकारों का चयन कर उन्हें मंच प्रदान किया जाएगा और सम्मान के साथ पुरस्कार भी दिया जाएगा।

**शिकारा बोट की भी तैयारी**

इस डैम में बोट की भी सुविधा है, जो बेहद रोमांचक होते हैं, बाहर से आने वाले पर्यटक इसका लुत्फ उठाए नहीं रहते। वैसे इस डैम में शिकारा बोट चलाने की भी तैयारियां प्रारंभिक तौर पर शुरू की जा रही है। सम्भवतः प्रदेश में इस तरह का बोट चलाने की पहली शुरुआत कोरिया से होने की सम्भावना है।

**क्या है शिकारा बोट**

शिकारा एक प्रकार की लकड़ी की नाव है जो मुख्यतः जम्मू और कश्मीर के श्रीनगर शहर की डल झील में प्रयोग में लाई जाती है। जम्मू कश्मीर के अलावा शिकारे जैसी नावें भारत के राज्य केरल में भी प्रयोग की जाती है। शिकारे विभिन्न आकारों में बनाये जाते हैं और लोगों के परिवहन सहित अन्य कई उद्देश्यों के लिए उपयोग में आते हैं। एक सामान्य शिकारे में लगभग छ लोग बैठ सकते हैं, और नाविक इसे पीछे की तरफ से खेता है। अगर आप भी अपने परिवार, दोस्त के साथ सुकून के पल बिताना चाहते हैं और इस आयोजन का साक्षी बनना चाहते हैं तो झुमका डैम आपके लिए 1 व 2 फरवरी 2024 बेस्ट ऑप्शन होगा। वहीं कोरिया जिले घूमने आए प्रकृति प्रेमियों के पास कम समय है तो वो लोग इस डैम को घूमकर प्रकृति के अनुपम धरोहर के साथ रोमांचित हो सकते।



**लेखक- विजय मानिकपुरी**
**सहायक जनसम्पर्क अधिकारी**

# अगर वेट लॉस के लिए रोज पी रहे हैं फ्रूट जूस तो ठहर जाएं, कहीं ये आपकी गलती तो नहीं



आजकल भागदौड़ भरी जिंदगी में हेल्थ पर ध्यान दे पाना सबसे चुनौती का काम है. अनहेल्दी खानपान और अस्त-व्यस्त लाइफस्टाइल की वजह से मोटापा और कई तरह की समस्याएं होने लगती है. शरीर का वजन बढ़ने से कई बीमारियां घेर लेती हैं. इसलिए वजन कम करने पर ज्यादा फोकस करने की सलाह दी जाती है. इसके लिए डाइट और एक्सरसाइज के साथ-साथ हेल्दी लाइफस्टाइल को फॉलो करना चाहिए. बहुत से लोग फ्रूट जूस पीकर वेट लॉस करने की कोशिश करते हैं, जो गलत तरीका माना जाता है. ऐसे में आइए जानें कि मोटापा कम करने के लिए फलों का सेवन किस तरह करना चाहिए.

वजन कम करने में जूस की भूमिका

बहुत से लोग वजन कम करने के लिए जूस पीना पसंद करते हैं. फलों,सब्जियों और हर्ब्स के साथ मसालें और आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियां मिलाकर कई तरह के वेट लॉस जूस बनाए जाते हैं. हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, बहुत से लोग इसी गलतफहमी में रहते हैं कि फलों का जूस पीकर वे अपना वजन कम कर सकते हैं. लेकिन ऐसा नहीं है क्योंकि वेट लॉस में फ्रूट जूस पीने से नुकसान भी हो सकते हैं.

फ्रूट जूस पीने से क्यों नहीं कम होता वजन

कुछ अध्ययनों में पाया गया है कि फ्रूट जूस पीने से शरीर का वजन बढ़ सकता है. जिसका सेहत पर गंभीर असर पड़ सकता है. अध्ययनों के अनुसार, ऐसे लोग जो लिक्विड डाइट लेते हैं या सिर्फ फ्रूट जूस ही पीते हैं, उन्हें कुछ समय बाद मोटापा घेर सकता है.बच्चों में मोटापे का जोखिम ज्यादा होता है. अब सवाल कि हेल्दी होने के बावजूद फ्रूट जूस पीने से वजन क्यों बढ़ता है तो बता दें कि फलों में फ्रूक्टोज नाम का नेचुरल शुगर पाया जाता है, जो फलों का स्वाद मीठा बनाता है. फलों का जूस निकालने के बाद भी ये नेचुरल शुगर जूस में ही रह जाती है और इसे पीने से कैलोरी बढ़ जाती है. ये कैलोरी पेट में फैट बनकर जमा हो जाती है, जिससे वजन बढ़ता रहता है.

वजन कम करने फलों का सेवन कैसे करें

हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार, फ्रूट जूस पीने की बजाय फलों को काटकर खाना ज्यादा फायदेमंद होता है. जब फलों का जूस निकाला जाता है तब उन्हें पीसा या कुचला जाता है और फिर छानकर अलग कर लिया जाता है. इससे फलों में मौजूद फाइबर अलग हो जाता है. डाइटरी फाइबर शरीर का मेटाबॉलिज्म बढ़ाकर वेट लॉस में मदद करता है. यही कारण है कि जूस पीने से फाइबर के फायदे नहीं मिल पाते हैं.

## मौनी रॉय ने फिर बढ़ाया इंटरनेट का पारा, शॉर्ट ड्रेस में फ्लॉन्ट किया बोल्ड फिगर



टीवी से लेकर बॉलीवुड में अपनी एक्टिंग का जलवा दिखा चुकी मौनी रॉय अपने स्टाइलिश और फैशनेबल अवतार के लिए जानी जाती हैं. इंटरनेट पर मौनी का अक्सर ग्लैमरस लुक वायरल रहता है. एक बार फिर मौनी रॉय अपने स्टाइलिश अवतार से इंटरनेट पर कहर ढा रही है. मौनी रॉय के स्टाइलिश लुक की बात करें तो मौनी रॉय ब्लैक और व्हाइट ड्रेस में बेहद ग्लैमरस लग रही हैं. डीप नेकलाइन ड्रेस में मौनी रॉय अपना फिगर फ्लॉन्ट कर रही हैं. इंटरनेट पर उनके इस अवतार को काफी पसंद किया जा रहा है. मौनी ने ने अपना लेटेस्ट लुक इंस्टाग्राम पर शेयर किया है. मौनी रॉय ने अपने इस लुक को खास बनाने के लिए लाइट मेकअप कैरी किया हुआ है. लाइट शेड लिपस्टिक में मौनी रॉय बेहद स्टनिंग लग रही हैं. सोशल मीडिया पर मौनी के फैंस उनके इस अवतार को काफी पसंद कर रहे हैं. मौनी रॉय टीवी जगत से लेकर फिल्मों में अपनी एक्टिंग का जलवा दिखा चुकी हैं. मौनी रॉय कई हिट सीरियल में काम कर चुकी हैं लेकिन उन्हें फेम एकता कपूर के सीरियल नागिन से मिला है. इसके बाद उन्होंने बॉलीवुड फिल्मों में काम करना शुरू किया.

## स्वस्थ और खुशहाल रहने में मदद करती हैं यह आदतें, अपनी सुबह में करें शामिल



सुबह हमारे पूरे दिन के लिए दिशा तय करती है। जागने के बाद हम पहले कुछ घंटे कैसे बिताते हैं, इसका हमारी मानसिकता, उत्पादकता और पूरे दिन की खुशी पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है।अधिकांश लोगों की सुबह की दिनचर्या में जल्दी से स्नान करना, कॉफी पीना और मोबाइल चलाना शामिल होता है।अपनी नियमित सुबह की आदतों में सकारात्मक बदलाव करने से आपका जीवन बदल सकता है। इन सुबह की टिप्स को जरूर अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं।

सुबह जल्दी उठना-सुबह जल्दी उठना आपको हड़बड़ाहट की बजाय धीरे-धीरे दिनचर्या शुरू करने का मौका देता है। एक अच्छे दिन के लिए सुबह करीब 5-6 बजे तक जाग जाएं।जल्दी उठने वालों के पास व्यस्त दिन शुरू होने से पहले ध्यान, व्यायाम और जर्नलिंग के लिए समय होता है।घबराहट में अलार्म बजने पर जागने के बजाय जब आप खुद को एक अतिरिक्त घंटा देते हैं तो आप धीरे-धीरे और सचेत होकर जाग सकते हैं।

गरम नींबू पानी पिएं-सुबह उठते ही सबसे पहले गर्म नींबू पानी पीने से आपका शरीर हाइड्रेट होता है।साथ ही आपका मेटाबॉलिज्म बढ़ता है, पाचन में मदद मिलती है और आपके शरीर से विषैले पदार्थ बाहर निकलते हैं।नींबू विटामिन-सी, पोटैशियम, विटामिन-बी, फ्लेवोनोइड्स और एंटीऑक्सीडेंट का एक समृद्ध स्त्रोत है।जब आप नींबू के रस के लाभों को गर्म पानी के साथ मिलाते हैं तो यह आपकी सुबह की शुरुआत करने के लिए एक बढ़िया विकल्प बन जाता है।

चेहरा ठंडे पानी से धुलें-सुबह उठ कर अपना चेहरा ठंडे पानी से धुलें। अपने चेहरे पर ठंडे या गुनगुने पानी के छींटे मारने से थकी हुई आखों को ताजगी मिल सकती है।अपनी इंद्रियों को हल्का-सा जगाने के लिए हल्के हाथों से चेहरे को धोने का प्रयास करें। यदि आप अपनी त्वचा के सूखने से चिंतित हैं तो बेझिझक क्लींजर का प्रयोग करें।इससे आपका चेहरा भी नम और साफ हो जाएगा, साथ ही आपको ताजगी भी मिलेगी।

पौष्टिक नाश्ता करें- अपने दिन की शुरुआत संतुलित प्रोटीन से भरपूर नाश्ते से करें। इससे सिर्फ आपका पेट ही नहीं भरता बल्कि यह आपको ऊर्जावान भी बनाता है। यह दिन के लिए ऊर्जा भी प्रदान करता है।नाश्ता आपके दिन को एक संतोषजनक शुरुआत दे सकता है। आप साबुत अनाज, साबुत फल और सब्जियां और अंडे या सादे दही जैसी प्रोटीन सामग्री चुन सकते हैं।भारतीय विकल्पों में आप पोहा, इडली, आलू-परांठा और ढोकला आदि का सेवन कर सकते हैं। ध्यान लगाएं -सुबह सबसे पहले ध्यान करने के लिए 5-10 मिनट का समय निकालें। यह आपके मानसिक स्वास्थ्य को अविश्वसनीय रूप से लाभ पहुंचा सकता है।ध्यान का अर्थ है चुपचाप बैठना, अपनी इन्द्रियों को केंद्रित करना और विचारों में फंसे बिना खुद में जागरूकता लाना।प्रतिदिन कुछ मिनटों के लिए इस सरल माइंडफुलनेस अभ्यास को करने से एक शांतिपूर्ण दिन की नींव स्थापित होती है। इससे आप मानसिक तनाव से लड़ सकेंगे और दिनभर शांत महसूस करेंगे।

# रणदीप हुड्डा की स्वतंत्र वीर सावरकर को मिली रिलीज तारीख, हिंदी के साथ मराठी भाषा में रिलीज होगी फिल्म

अभिनेता रणदीप हुड्डा महान स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर की जिंदगी को पर्दे पर उतारने के लिए तैयार हैं। फिल्म स्वतंत्र वीर सावरकर में रणदीप न सिर्फ सावरकर की भूमिका में नजर आएंगे, बल्कि इस फिल्म से वह बतौर निर्देशक अपनी शुरुआत कर रहे हैं।अब स्वतंत्र वीर सावरकर को अपनी रिलीज तारीख मिल गई है। यह फिल्म 22 मार्च को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है।फिल्म को हिंदी के साथ मराठी भाषा में रिलीज किया जाएगा।

रणदीप ने हाल ही में अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर स्वतंत्र वीर सावरकर का मोशन पोस्टर साझा किया है।उन्होंने लिखा, भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दो नायक; एक के लिए जश्न मनाया गया और एक को इतिहास से हटा दिया गया। शहीद दिवस पर इतिहास फिर से लिखा जाएगा।स्वतंत्र वीर सावरकर



में अंकिता लोखंडे और अमित सियाल भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।पहले महेश मांजरेकर फिल्म का निर्देशन करने वाले थे, लेकिन फिर उन्होंने इससे किनारा कर लिया।

अभिनेता रणदीप हूडा द्वारा निर्देशित पहली फिल्म, स्वातंर्त्य वीर सावरकर, एक नायक के पुनरुत्थान की शुरुआत करती है, जो भारत की स्वतंत्रता की लड़ाई में एक अदम्य व्यक्ति के रूप में आज भी याद किए जाते हैं । भारत की स्वतंत्रता की लड़ाई में एक दूरदर्शिता रखनेवाले ,ज्वाला की तरह दहकते और रगों में देशभक्ति के भाव का चोला पहने स्वतंत्रता सेनानी श्री वीर सावरकर की उपेक्षित कहानी को इस फिल्म के द्वारा बहुत ही खूबसूरती से दर्शाया गया है। रणदीप ने अपने उम्दा निर्देशन के माध्यम से इस प्रतिष्ठित स्वतंत्रता सेनानी के सार और उत्साह को दर्शाने में अपनी बहुमुखी प्रतिभा और समर्पण का एक प्रमाण प्रस्तुत किया है। अपने हर किरदारों के लिए समर्पित रहनेवाले रणदीप स्वातंर्त्य वीर सावरकर के रूप में ना सिर्फ दर्शकों को मंत्रमुग्ध करते हैं बल्कि एक विचारोत्तेजक कहानी के माध्यम से इतिहास के पन्नो में खो गए एक महान व्यक्तित्व के धैर्य, जुनून और जटिलता को भी बड़े पर्दे पर उतारने की कोशिश किये हैं ।

## ऋतिक रोशन की फाइटर का नया गाना दिल बनाने वालेया जारी, अरिजीत सिंह ने दी आवाज

सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बनी ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण स्टारर एरियल एक्शन फिल्म फाइटर बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा रही है। फैंस को दोनों स्टार्स की केमिस्ट्री, एक्शन और देशभक्ति से जुड़ी यह मूवी काफी पसंद आ रही है। निर्माताओं ने अब फिल्म की रिलीज के कुछ दिन बाद इसका एक नया इमोशनल गाना दिल बनाने वालेया रिलीज कर दिया है, जो फैंस को काफी पसंद भी आ रहा है। यह गाना लोगों के दिलों को छू रहा है। ऋतिक रोशन, दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर स्टारर फाइटर फिल्म का एक नया गाना दिल बनाने वालेया जारी कर दिया गया है। बता दें कि यह गाना फिल्म में तब बजता है, जब स्क्वाड्रन लीडर शमशेर पठानिया यानी पैटी बने ऋतिक रोशन अपनी टीम से अलग महसूस करते हैं। यह गाना इमोशन्स से भरा हुआ है। इस गाने को सिंगर अरिजीत सिंह ने जोनिता गांधी, विशाल ददलानी और शेखर रवजियानी के साथ मिलकर गाया है। वहीं, गाने के बोल कुमार ने लिखे हैं। फैंस को भी गाना काफी पसंद आ रहा है।

## शब्द सामर्थ्य -320


( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. खूब कसा हुआ, फूर्तिला, जो शिथिल व आलसी न हो 3. सार्वजनिक स्थान, संस्था, अस्तित्व, समिति 4. पौरुष, पुरुषत्व, मर्द होने का भाव 6. अंधेरा, अंधकार 7. लिपाई करना 9. शरीर, काया, जिस्म 10. मां के पिता, विभिन्न 12. महीना, मास 14. प्रियतम, बलमा, सजना 15. पांडवों का सबसे छोटा भाई 17. नशा, घमंड, खाता 19. वनोपज, वन से प्राप्त सामग्री 21. शक्तिशाली, बलवान 24. तीव्र इच्छा 25. हथेली।

**ऊपर से नीचे**

1. निंदा, बुराई 2. निर्जीव, निष्प्राण 3. ध्वनियों या स्वरों का विशिष्ट लय में प्रस्फुटन, धुन, म्युजिक 4. झुका हुआ, विनीत 5. रूठे हुए को प्रसन्न करना, राजी करना 8. आश्रय, शरण 11. जन्म, जिंदगी 12. इंसानियत, मनुष्यता 13. रास्ता, मार्ग 14. एक हिंदी महीना, श्रावण 15. सपाट, जो उबड़-खाबड़ न हो 16. पति का छोटा भाई 18. गहरा कीचड़, पंक 20. आत्मा, अंतःकरण (उ.) 22. बीता हुआ या आने वाला दिन 23. बगुला।




**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 319 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | मा | न | | | प | यो | द | |
| न | | ह | क | दा | र | | ल | य |
| ह | वा | ला | त | | च | | द | म |
| गा | | | रा | ज | म | ह | ल | |
| र | ई | स | | ग | | स | | अ |
| | मा | | प | त | वा | र | | ल |
| ख | न | क | ना | | ह | त | | बे |
| स | दा | | ह | | वा | | शो | ला |
| रा | र | | | | ही | र | क | |

# तमन्ना भाटिया ने करण जौहर से मिलाया हाथ वेब सीरीज में आएंगी नजर

दक्षिण भारतीय सिनेमा से लेकर बॉलीवुड तक अपनी पहचान बनाने वाली अभिनेत्री तमन्ना भाटिया अक्सर ही सुर्खियों में रहती हैं।अब अभिनेत्री ने करण जौहर के प्रोडक्शन हाउस धर्मा प्रोडक्शंस की डिजिटल सहायक कंपनी धर्माटिक एंटरटेनमेंट के साथ सहयोग किया है।वह अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक देने वाली एक कॉमेडी और ड्रामे से भरपूर वेब सीरीज में नजर आने वाली हैं, जिसका नाम अभी सामने नहीं आया है।इस सीरीज का निर्देशन डॉ अरोड़ा फेम निर्देशक अर्चित कुमार करेंगे।

रिपोर्ट के अनुसार, इस शो को एक स्टार्टअप ड्रामा के रूप में दिखाया जाएगा, जिसमें 2 महिलाओं की कहानी होगी जो उद्यमशीलता का मार्ग तलाशती हैं। इसमें मुख्य भूमिका तमन्ना निभाएंगी तो दूसरी अभिनेत्री की तलाश जारी है।कहा जा रहा है कि धर्माटिक एंटरटेनमेंट अपनी इस सीरीज से पहले निर्देशक अर्चित के साथ सीरीज शोटाइम लेकर आएगा, जिसका फिलहाल प्री-प्रोडक्शन चल रहा है। मार्च के मध्य या अप्रैल की शुरुआत में इसकी शूटिंग शुरू हो जाएगी। बिना शीर्षक वाली अपनी इस सीरीज के साथ ही धर्माटिक एंटरटेनमेंट ने अमेजन प्राइम वीडियो के साथ तीसरी बार सहयोग किया है।इससे पहले सारा अली खान अभिनीत फिल्म ऐ वतन मेरे वतन और अनन्या पांडे के नेतृत्व वाली सीरीज कॉल मी बे के लिए दोनों ने हाथ मिलाया है। ये दोनों ही प्रोजेक्ट इस साल रिलीज होंगे।इसके अलावा तमन्ना की जी करदा, आखिरी सच और लस्ट स्टोरी के बाद यह चौथी वेब सीरीज होगी। तमन्ना की झोली में इस वेब सीरीज के अलावा 3 और फिल्में शामिल हैं।वह तमिल हॉरर कॉमेडी अरणमनई 4 का हिस्सा हैं, जिसमें राशि खन्ना और सुंदर भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।तमन्ना फिल्म बोले चूड़ियां में भी दिखाई देंगी, जिसका निर्देशन शमास नवाब सिद्दीकी ने किया है। इस फिल्म में नवाजुद्दीन सिद्दीकी और राजपाल यादव शामिल हैं।इसके अलावा वह जॉन अब्राहम, अभिषेक बनर्जी



और शरवरी वाघ के साथ फिल्म वेदा का भी हिस्सा हैं। धर्माटिक एंटरटेनमेंट कृतिका कामरा, धैर्य करवा और राघव जुयाल के साथ वेब सीरीज ग्यारह ग्यारह लेकर आएगा, जो जी5 पर रिलीज होगी।फिल्म ऐ वतन मेरे वतन का ट्रेलर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस यानी 8 मार्च को जारी होने के बाद 22 मार्च को यह अमेजन प्राइम वीडियो पर आएगी।इसके अलावा नेटफ्लिक्स पर फैबुलस लाइव्स ऑफ बॉलीवुड वाइव्स का तीसरा सीजन आएगा तो शोटाइम मार्च के बाद रिलीज होगी।

## गेटपास के मसले को लेकर नाराजगी

**कोरबा।** एनटीपीसी प्रबंधन के खिलाफ मजदूरों का आक्रोश एक बार फिर से फूट पड़ा है। गेट पास नहीं दिए जाने से मजदूरों में काफी आक्रोश देखने को मिल रहा है। जिस तरह से मजदूरों का हक मारा जा रहा है उसे लेकर केसी जैन मार्ग पर श्रमिक नेता इकट्ठे हो गए हैं और प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी कर रहे है। श्रमिक नेताओं ने स्पष्ट रुप से कह दिया है,कि श्रमिकों का शोषण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। श्रमिकों का यह भी आरोप है,कि उन्हें जब काम से बाहर निकाला जाता है,तब एनटीपीसी प्रबंधन मौन रहता है।

## बोनस दिए जाने का स्वागत

**कोरबा।** बिजली कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री नवरतन बरेठ ने बताया कि दीवाली का बोनस अभी मिल रहे वेतन में जोड़ कर दिया जा रहा है। इसके अलावा 4 प्रतिशत डीए के मांग भी की गई थी। इसे भी दिया जा रहा है। मंडल कर्मचारी पूर्णिमा साहू ,संदीप राठौर,आशीष शर्मा, श्याम सुंदर पटेल ने बोनस दिए जानक का स्वागत किया ।

# एक वर्ष पहले अगवा की गई किशोरी को बरामद किया पुलिस ने, आरोपी गिरफ्तार

### रशियन हॉस्टल के पीछे रह रहे थे एक साल से



**कोरबा।** पिछली रात्रि कोतवाली कोरबा और महासमुंद पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए एक किशोरी को बरामद करने के साथ आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। किशोरी के परिजनों ने पिछले वर्ष मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। गुम इंसान खोज के अंतर्गत पुलिस ने जानकारी हासिल की और इसे अंजाम तक पहुंचाया। रात में ही महासमुंद पुलिस दोनों को लेकर रवाना हो गई।

सीएसईबी पुलिस चौकी क्षेत्र के अंतर्गत बिजली उत्पादन कंपनी के द्वारा मध्यप्रदेश के दौरान रशियन हॉस्टल व जीटी हॉस्टल बनाए गए थे जिसमें अभियंताओं के लिए आवास की व्यवस्था की गई थी। वर्तमान में इनका उपयोग प्रशिक्षण पर आने वाले वर्ग के लिए किया जा रहा है। इसी इलाके में जंगल के बीच दो कच्चे मकान तैयार किये गए हैं, जहां पर पुलिस ने रात्रि को कार्रवाई की। इस सिलसिले में पुलिस ने महासमुंद क्षेत्र के रहने वाले 21 वर्षीय युवक को 363 आईपीसी के प्रकररण में गिरफ्तार कर लिया। उसके साथ मौजूद 16 वर्षीय किशोरी को बरामद किया गया है। पुलिस ने बताया कि महासमुंद थाना में 463/23 पिछले वर्ष दर्ज किया गया था। अगवा की गई किशोरी के परिजनों की रिपोर्ट पर पुलिस ने आगे जांच-पड़ताल की लेकिन कोई खास नतीजे नहीं आने पर इसे लंबित कर दिया। हालांकि अन्य स्तर पर तलाशी की जा रही थी। हाल में ही पुलिस ने गुम इंसान खोज अभियान शुरू किया और पुराने प्रकरणों की खबर ली। इस कड़ी में पता चला था कि अगवा की गई किशोरी एक युवक के साथ कोरबा में रह रही है। लंबे समय से उसकी उपस्थिति यहां होने की जानकारी मिली। मोबाइल नंबर और लोकेशन के आधार पर महासमुंद पुलिस की टीम सब इंस्पेक्टर दिलीप वर्मा, आरक्षक माही ध्रुव, पुलिस कर्मी दुर्गा प्रसाद और चंद्रसेन के साथ दो दिन पहले ही पहुंची। टीम ने कोतवाली थाना प्रभारी अभिनवकांत सिंह से संपर्क कर इस प्रकरण से अवगत कराया। इसे संवेदनशीलता से लिया गया। एएसआई अजय सिंह, चंद्रकांत, सुनील सिंह को भी सहयोग के लिए शामिल किया गया। रात्रि में दो थानों की पुलिस ने संबंधित क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन चलाते हुए जंगल के बीच बने मकान में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और वहां से किशोरी व युवक को गिरफ्तार कर लिया। बताया गया कि रात में ही पुलिस उन्हें लेकर महासमुंद के लिए रवाना हो गई है।

### बयान के बाद होगी अगली कार्रवाई

महासमुंद से आई पुलिस टीम ने तरूण छत्तीसगढ़ को बताया कि प्राथमिक रूप से इस मामले में बरामद की गई किशोरी का बयान दर्ज किया जाएगा। इसके साथ ही अन्य संबंधित प्रक्रियाएं की जाएंगी। तथ्यों के आधार पर इस मामले में आगे धाराएं बढ़ाई जा सकती है।

## 363 का आरोपी भेजा गया जेल



आदिले चौक पुरानी बस्ती में रहने वाले सुरेंद्र टंडन उर्फ बाबा को कोतवाली पुलिस ने पिछली रात गिरफ्तार कर लिया। एएसआई अश्वनी वर्मा और उनकी टीम ने यह कार्रवाई की। आरोपी के विरूद्ध वर्ष 2020 में 363 आईपीसी के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया गया था। उस पर किसी को अगवा करने का आरोप था। कोतवाली पुलिस ने अपराध दर्ज करने के साथ आगे की कार्रवाई जारी रखी लेकिन आरोपी यहां-वहां लुकाछिपी का खेल खेलता रहा। बुधवार की रात पुलिस के पास सूचना पहुंची की फरार आरोपी को एक स्थान पर देखा गया है। अधिकारियों को अवगत कराने के बाद एक टीम बनाई गई जिसने मौके पर रेड करने के साथ आरोपी को दबोच लिया। आज उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

## अधीक्षण अभियंता सहित कई अधिकारी और कर्मी सेवानिवृत्त, दी गई विदाई



**कोरबा ।** हसदेव ताप विद्युत गृह से जनवरी 2024 में सेवानिवृत्त अधिकारियों-कर्मचारियों को सम्मानित कर भावभीनी विदाई दी गई।


संयंत्र से अधीक्षण अभियंता सुधीर कुमार गावशिंदे, अनुभाग अधिकारी श्रीमती निर्मला तिवारी, कनिष्ठ पर्यवेक्षक दिलीप साय एक्का एवं नवीन कुमार पटेल तथा मानचित्रकार सुनील कुमार कैवर्त अपनी अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए । जिनके सम्मान में समारोह का आयोजन श्रम कल्याण केंद्र (जूनियर क्लब) में संपन्न हुआ। कार्यक्रम संयंत्र के प्रभारी मुख्य अभियंता हेमंत सिंह, अति. मुख्य अभियंता पी.के स्वेन, एम.के गुप्ता, पी. भास्कर राव, सुधीर कुमार पंड्या एवं वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ ए.के. कुरनाल के आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर संयंत्र प्रमुख व मंचस्थ विशिष्ट अतिथियों द्वारा सेवानिवृत्त कर्मियों को पुष्पगुच्छ, प्रशस्ति पत्र व कलाई घड़ी भेंट कर सम्मानित किया गया। हेमन्त सिंह ने सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारियों-कर्मचारियों की सेवाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि आप सभी ने अपने कार्य को निष्ठा व लगन से करते हुए हमारे संयंत्र की सेवा की हैं। आपका अनुभव, अनुशासन व संयंत्र में कार्य करने की शैली हम सभी के लिए अविस्मरणीय रहेगी। वही सेवानिवृत्त कर्मियों ने भी अपने सेवाकाल के अनुभवों को सभागृह में उपस्थित लोगों के साथ साझा करते हुए संयंत्र की उन्नति एवं प्रगति तथा कार्यरत अधिकारियों-कर्मचारियों के सुखी एवं समृद्ध जीवन हेतु अपनी शुभकामनाएं प्रदान की । कार्यक्रम के अंत में सभागृह में उपस्थित सभी अधिकारियों-कर्मचारियों, सेवानिवृत्त कर्मियों एवं उनके परिजनों का आभार व्यक्त किया गया । कार्यक्रम का संचालन रवीन्द्र साहू द्वारा किया गया ।

# ऑफिसर्स कालोनी में पांच स्थान पर चोरी, बढ़ा मनोबल

### दीपका थाना क्षेत्र का मामला, कार्रवाई जीरो

**कोरबा।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की बड़ी खदानों में काफी प्रयासों के बाद कुछ हद तक चोरी की घटनाओं पर रोक लग सकी है। इस काम को एसईसीएल ने अपने स्तर पर किया है। एक तरफ उसे राहत मिली तो अब आवासीय क्षेत्रों में चुनौतियां बढ़ गई है। दीपका क्षेत्र की ऑफिसर्स कालोनी में चोरों ने पांच आवासों को निशाना बनाया और काफी सामान पार कर दिया। इन मामलों में पीड़ित पक्ष के द्वारा दीपका पुलिस को लिखित तौर पर अवगत कराया गया है।

एसईसीएल दीपका क्षेत्र की ऑफिसर्स कालोनी में 26 जनवरी से चोरी का सिलसिला शुरू हुआ है जो जारी है। इन घटनाओं में अधिकारी वर्ग पीड़ित है। उनके आवासों को चोरों ने निशाना बनाने के साथ काफी महंगे सामान पार कर दिए। दीपका क्षेत्र के प्रगति नगर में एपीएम जितेंद्र दुबे के आवास संख्या सी-87 से चोरों ने वाशिंग मशीन, माइक्रो ओवन, गैस सिलेंडर, डायनिंग टेबल फ्रेम सहित अन्य



सामान पार कर दिए। कुछ दिन की छुट्टी पर जितेंद्र रायगढ़ गए हुए थे। चोरी की सूचना होने पर वे तुरंत दीपका पहुंचे और पुलिस को लिखित शिकायत की।

इसी कालोनी के आवास संख्या सी-121 में पंकज कुमार रहते हैं जो उप प्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं। चोरों ने आवास का ताला तोड़कर टेलीविजन, लैपटॉप, फ्रीज, वाशिंग मशीन, माइक्रो ओवन और ब्रांडेड कपड़े पार कर दिए। चोरों ने अगली कड़ी में सी-58 नंबर के आवास को निशाने पर लिया। डिप्टी मैनेजर ईश कुमार यहां पर निवासरत हैं। बताया गया कि घटना दिवस को चोरों ने वाशिंग मशीन सहित कई कीमती सामानों को साफ कर दिया। जबकि डी टाईप आवास-11 के निवासी अश्वनी चंद्रा के यहां से फ्रीज, टीवी, गद्दे, कपड़े और अन्य सामान की चोरी कर ली गई।

### सुरक्षा कर्मियों ने नाकाम की कोशिश

पिछली रात्रि ऑफिसर्स कालोनी के आवास क्रमांक सी-70 में चीफ मैनेजर खिरानी के आवास को चोरों ने निशाने पर लेने की कोशिश की। विभागीय सुरक्षा कर्मी और सीआईएसएफ के जवानों के अचानक यहां पहुंचने से अराजक तत्वों की योजना नाकाम हो गई और उन्हें उल्टे पैर भागने के लिए मजबूर होना पड़ा।

### ऊंची दीवार भी बाधक नहीं

खास बात यह है कि एसईसीएल ने कालोनी को सुरक्षित करने के लिए 10 फीट ऊंची चारदीवारी बनाई है। इसके बावजूद चोरों ने इसे आसानी से फांदने के साथ न केवल चोरी की बल्कि बड़े आसान तरीके से सामान को पार कर दिया। इससे चिंता होना लाजिमी है।

### सिलसिला नहीं, एक जगह मिला सामान

दीपका क्षेत्र में चोरियों के सिलसिले के जारी होने की बात को अस्वीकार करते हुए थाना प्रभारी अश्वनी राठौर ने कहा कि एक स्थान पर लोग नहीं रह रहे थे। उसके पीछे से चोरी किया गया सामान मिला है।

# गड्ढा में गिरे अजगर को वन विभाग ने रेस्क्यू कर जंगल में सुरक्षित छोड़ा

**कोरबा।** जिले के एतमा नगर रेंज अतंर्गत बगई नाला के पास स्थित एक फार्म हाउस के गहरे गड्ढे में आज सुबह एक अजगर गड्डे में गिर गया था। और वह ऊपर नही चढ़ पा रहा था। जिसकी वजह से उसके जीवन को खतरा भी हो सकता था। जानकारी मिलने पर स्नेक रेस्क्यू व वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर उसे सुरक्षित निकाला और विचरण के लिए जंगल में छोड़ दिया ।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जिले के वन मंडल कोरबा के जंगलो में जहां किंग कोबरा की सांप की बहुतायत संख्या पायी जाती है। वहीं कटघोरा वन मंडल के जंगलो में अजगर की भरमार है। जो अधिकतर मौके पर दिखाई देते है। कटघोरा के जंगलो में मौजूद एक अजगर आज सुबह एतमा नगर रेंज अतंर्गत चकचकवा पहाड़ के आगे बगई नाला के पास स्थित एक फार्म हाउस के गड्ढे में गिर गया। गड्ढे में गिरने के बाद व अधिक गहराई की वजह से ऊपर नही चढ़ पा रहा था। जब फार्म हाउस में पहुंचे लोगों ने इसे देखा तो उसकी सूचना डीफओ कुमार निशांत व अन्य अधिकारियों को दी। जिस पर उन्होंने स्नैक रेस्क्यू टीम व वन कर्मचारियों को तत्काल रेस्क्यू के लिए रवाना किया ।



अधिकारियों के निर्देशन में पहुंची टीम ने गड्ढे में गिरे अजगर को पकड़कर वन परिसर तानाखार के कक्ष क्रमांक पी 482 ले जाकर जगंल में विचरण के लिए सुरक्षित छोड़ दिया।

# चार सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर बैठे वन कर्मी

**कोरबा।** छ.ग. वन कर्मचारी संघ द्वारा अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर आयोजित प्रंतीय हड़ताल आज से शुरू हो गई। हड़ताल में आज जिले के वन कर्मचारी शामिल हुए। हड़ताल में बड़ी संख्या में कर्मचारियों के चले जाने से विभाग का कामकाग प्रभावित हो रहा है। हड़ताली कर्मियों का कहना है कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होती तबतक हड़ताल जारी रहेगा। हड़तालियों का मानना है कि लघु वनोपज संघ में किए जा रहे 180 पद की नई नियुक्तियों से वनपालों की पदोन्नति प्रभावित हो रही है। अत: 180 पदो की संविदा पर नियुक्ति तत्काल बंद किया जाए । वन विभाग के कर्मचारी 24 घंटे अपने शासकीय कर्तव्यों का निर्वहन करते है। तथा अन्य विभाग के समकक्ष पद के कर्मचारी 8 घंटे शासकीय ड्यूटी करते है अत: वनविभाग वन रक्षक को 24 सौ रूपये , वन पालको 28 सौ रूपए उपवन क्षेत्रपाल को 42 सौ रूपए का नया ग्रेड पे स्वीकृत किया जाए। विभागीय सेटअप का पुर्नरीक्षण किया जाए।

# एसईसीएल के अस्पतालों में खुलेगी अमृत फार्मेसी

**कोरबा।** अपने कर्मचारियों को बेहतर और किफायती स्वास्थ्य देखभाल सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए, छत्तीसगढ़ स्थित कोल इंडिया की सहायक कंपनी, साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) अपने अस्पतालों में अमृत फार्मेसी खोलने वाली पहली कोयला कंपनी बन जाएगी। एसईसीएल ने अपने अस्पतालों में अमृत फार्मेसी स्टोर की स्थापना के लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत एक सार्वजनिक उपक्रम एचएलएल लाइफकेयर लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।




प्रारंभिक चरण में, एसईसीएल मुख्यालय, बिलासपुर के अस्पतालों तथा गेवरा, सोहागपुर और चिरिमिरी के परिचालन क्षेत्रों में स्थित केंद्रीय अस्पतालों में अमृत फार्मेसियां स्थापित की जाएंगी। एसईसीएल अस्पतालों में अमृत फार्मेसी एक साथ जेनेरिक और जीवनरक्षक ब्रांडेड दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करेगी। ये फार्मेसियां सामान्य बीमारियों के साथ-साथ गंभीर स्थितियों के लिए दवाएं, प्रत्यारोपण, उपभोग की सर्जिकल वस्तुएं आदि अत्यधिक रियायती दरों पर प्रदान करेंगी, जिससे अस्पताल में भर्ती व बाह्य रोगियों, जिनमें एसईसीएल कर्मचारियों के साथ-साथ इन अस्पतालों में आने वाले आम लोग शामिल होंगे, को बहुत लाभ होगा। अमृत फार्मेसियों के माध्यम से कर्मचारियों को सीधे दवाओं की आपूर्ति के साथ, इस पहल से चिकित्सा प्रतिपूर्ति को कम करने में भी मदद मिलेगी, जिससे कंपनी को रोगियों को गुणवत्तापूर्ण दवाएं सुनिश्चित करने के साथ-साथ चिकित्सा संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग में मदद मिलेगी।

# बीएमएस की मांग, आवासों का सुधार कराने पर दें ध्यान

**कोरबा।** भारतीय कोयला खदान मजदूर संगठन के महामंत्री अशोक सूर्यवंशी ने प्रबंधन के सामने अपनी बात रखते हुए कहा कि कोयला उत्पादन बढ़ाने के लिए कोयला कामगारों की समस्याओं को दूर किया जाए। कोरबा एरिया के अधिकांश कालोनी काफी पुराने हो चुके है। इन आवासो का मरम्मती करण किए जाना जरूरी है। आई आर बैठक में कहा गया कि कोयला उत्पादन बढ़ाने के कलए खदान तक पहुंचने वाले मार्ग को ठीक किया जाए। कई ऐसे पदोन्नति के मामले जिन मामलों को निपटाया जाना जरूरी है। शैलेन्द्र सिंह, संजय सिंह, नलीन पवार ने मानिकपुर की समस्याओं को प्रबंधन के सामने रखा ।

**आवश्यकता है**

पेट्रोल पंप में कार्य करने हेतु युवक एवं युवती की आवश्यकता है।
-पद -
डीएसएम, अकाउंटेंट, मुंशी
इच्छुक शीघ्र संपर्क करें।

**धनराज पेट्रोल पंप उरगा**

9300671826

# लगेगी भाजपा की कार्यशाला

**कोरबा।** गांव चलो अभियान के तहत भाजपा बूथ कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा । भाजपा कार्यकर्ता प्रवासी के तहत दूसरे बूथो में रात बीता कर काम करेगें। लोकसभा चुनाव को देखते हुएसभी मंडलो में कार्यशाला लगाई जाएगी।

हरदी बाजार नगर मंडल के अध्यक्ष हरीश थरवानीय के द्वारा तैयारी शुरू कर दी गई है। दीपका मंडल में भी कल सूर्य प्रकाश शर्मा के द्वारा कार्यशाला लगायी जाएगह। बांकी मोंगरा के मंडल के महामंत्री मनीष मिश्रा ने बताया कि यहां पर भी एक दो दिनों के भीतर कार्यशाला लगेगा। इसके अलावा एक बूथ में पांच स्थानों पर वाल राइटिंग किया जा रहा है। कोसाबाड़ी मंडल की रमा मिरी व सुमन सोनी ने बताया कि यहा पर भी वॉल राइटिंग का काम चल रहा है। कटघोरा मंडल में धन्नू दूबे, राजेन्द्र टंडन के द्वारा बूथो में वॉल राइटिंग कराया जा रहा है।

***कोरबा।** धर्म सेना के जिलाध्यक्ष साकेत शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि धर्म सेना कोर ग्रुप की बैठक 4 फरवरी आयोजित किया गया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष सुरेन्द्र बहादूर सिंह, नरेश राजपूत, सदानंद सिंह, विष्णु पटेल, राजा कुशवाहा उपस्थित रहेगें। बैठक में आगे की रणनीति पर विचार विमर्श किया जाएगा ।

## राष्ट्रीय कार्य समिति की बैठक कल से

**कोरबा।** विद्युत कर्मचारी महासंघ की बैठक कल से दुर्गापुर पश्चिम बंगाल में शुरू हो रहा है। इस बैठक में कोरबा जिले के राष्ट्रीय सचिव आरएस जयसवाल व प्रदेश महामंत्री नवरत्न बरेठ शामिल होगें। बैठक में छ: माह के कार्यो पर विचार विमर्श कर रणनीति तैयार की जाएगी।

# प्रायश्चित करने गौसेवा कर रहे बंदी

**कोरबा।** अलग-अलग कारण से अपराध करने के बाद जेल का रास्ता नापने वाले आपराधिक तत्व अपने किये का प्रायश्चित करने को लेकर गंभीर हो रहे हैं। इसके लिए उन्होंने गौसेवा को माध्यम बनाया है।

कोरबा के जिला जेल में पार्श्वनाथ गौसेवा समिति के द्वारा गौशाला का संचालन किा जा रहा है। इसके माध्यम से उन गायों की सेवा संभव हो रही है जो विभिन्न क्षेत्रों में बीमार अथवा उम्रदराज स्थिति में मिलती हैं। इनकी सेवा के लिए जेल प्रबंधन ने शेड्यूल बना रखा है। जेलर विज्ञानंद सिंह बताते हैं कि कुछ और क्षेत्रों में इस प्रकार के प्रयोग किये गए हैं, कोरबा भी इसमें शामिल हैं। यह देखकर अच्छा लगता है कि चेहरे से खूंखार दिखने वाले अपराधी भी



*जिला जेल में पार्श्वनाथ समिति कर रही गौशाला का संचालन*

इन गायों के सामने नतमस्तक होते हैं। बारी-बारी से उनकी सेवाएं इस काम में प्राप्त हो रही है। वे मानते हैं कि अपने हाथों से हुए अपराध का प्रायश्चित करने के लिए यह भी एक जरिया हो सकता है। जेलर ने बताया कि जमानत पर छूटने की स्थिति में बंदी आदर्श जीवन की शुरुआत करने का संकल्प भी लेते हैं। गौसेवा से अगर लोगों का जीवन बेहतर होता है तो यह बड़ी बात है।







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com